लोकतंत्र की निष्पक्ष आवाज

परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष : 02
अंक : 360
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये

वाराणसी, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024

आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2023/84879

Email : pdnewsvns@gmail.com e-paper:www.parivartandoot.com

लोकसभा चुनाव 2024 : छिटपुट हिंसा के बीच पहले चरण का मतदान संपन्न

102 सीटों पर 67 फीसदी मतदान

त्रिपुरा में 80%, बिहार में 48% पड़े वोट

नगालैंड के छह जिलों में नहीं किया गया मतदान

नई दिल्ली। लोकसभा के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। शाम छह बजे तक 67 फीसदी मतदान हुआ। फाइनल वोटिंग प्रतिशत अभी नहीं आया है। सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत वोट त्रिपुरा में डाले गए, जबकि बिहार में सबसे कम 48 प्रतिशत वोटिंग हुई। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार में हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट में एक असिस्टेंट कमांडेंट और जवान घायल हैं।

मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर भी इस फेज में वोटिंग है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी।

फर्स्ट फेज में 1,625 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला उम्मीदवार हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी।

छत्तीसगढ़ में बस्तर लोकसभा सीट के लिए आज वोटिंग हुई। यहां नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले के अति संवेदनशील कडेनार और बेचा इलाकों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। इन इलाकों में दोपहर 3 बजे मतदान खत्म हो गया था। यहां मतदान कर्मियों को हेलिकॉप्टर से पोलिंग बूथ पर भेजा गया था। शाम को करीब पांच बजे ये दल हेलिकॉप्टर से लौटा है।

उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरषोत्तम का कहना है, 'उत्तराखंड में मतदान शांतिपूर्वक रहा। पहले फेज में मतदान प्रतिशत 55-56 प्रतिशत रहा। गर्मी की वजह से मैदानी इलाके हमने मतदाताओं में कमी देखी। पूर्वी इम्फाल के मोइरंगकंपू में चुनाव के दौरान आगजनी की घटना सामने आई है। यहां उपद्रवियों ने एश्ट मशीन को जला दिया।

छत्तीसगढ़ में बीजापुर के उसूर थाना इलाके के गलगम में ग्रेनेड ब्लास्ट में घायल सीआपीएफ-196 बटालियन का जवान शहीद हो गया है। जवान का नाम देवेंद्र कुमार है। जवान एरिया डोमिनेशन पर निकले थे। इसी दौरान पोलिंग बूथ से 5 सौ मीटर दूर ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ था।

इंफाल पूर्वी जिले के खुरई लाईखुटलेंबी के लोगों का आरोप है कि हथियार बंद बदमाश आए और वोट डाला। जब वास्तविक मतदाता आए तो उन्हें पता चला कि उनका वोट पड़ गया है। इससे गुस्साए लोगों ने एटीएम मशीन में तोड़फोड़ कर दी।

बंगाल में हिंसा, मणिपुर में एटीएम जलाया

बिहार में नक्सल प्रभावित इलाकों में शाम चार बजे वोटिंग खत्म हो गई। हालांकि, जो वोटर मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं और लाइन में खड़े है, उन्हें मतदान करने दिया जा रहा है। इस तरह के पंद्रह विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्र हैं। अभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग शाम 6 बजे तक होगी।

नगालैंड के 6 जिलों में लगभग 0% वोटिंग हुई है। ये जिले हैं- मोन, लॉन्गलेंग, तुएनसान्ग, नोकलाक, शामाटोर और किफिरे। ये सभी पूर्वी नगालैंड में आते हैं। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन इन जिलों के लिए अलग प्रशासन और पहले से अधिक वित्तीय स्वंत्रता की मांग कर रहा है। इस संगठन ने इन जिलों के लोगों से चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की थी।

फिल्म अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने उत्तराखंड के कोटद्वार में बूथ पर पहुंचकर वोट डाला। यहां उनका पैतृक घर है।

शहडोल संसदीय क्षेत्र के अनूपपुर में रहने वाली श्रद्धा बियानी लंदन से वोट डालने पहुंची। श्रद्धा ने वार्ड नंबर 12 में मतदान किया। श्रद्धा यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में आर्किटेक्ट की पढ़ाई कर रही हैं।

मणिपुर में फायरिंग, बूथ कैप्चरिंग और एश्ट में तोड़फोड़ की खबरों के बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उनके बूथ एजेंट्स को पुलिस के सामने भगाया जा रहा है। मणिपुर कांग्रेस के उपाध्यक्ष देब्रत सिंह ने कहा कि ये सब राज्य सरकार करवा रही है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'बीजेपी का पहले दिन, पहला शो फ्लॉप हो गया है। जनता को अब न भाजपाइयों की अदाकारी अच्छी लग रही है, न कहानी, न घिसे-पिटे डॉयलॉग्स। भाजपा की खिड़की खाली है।

शिकायतकर्ताओं को भी पक्षकार बनाएं रामदेव : सुप्रीम कोर्ट

भ्रामक विज्ञापन का मामला

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु रामदेव से अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका में शुक्रवार को उन शिकायतकर्ताओं को भी पक्षकार बनाने को कहा, जिन्होंने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज कराये थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की पटना और रायपुर इकाई ने 2021 में शिकायत दर्ज कराई थी कि रामदेव की टिप्पणियों से कोविड नियंत्रण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ रामदेव की अपने खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसने कहा कि रामदेव को मामले में राहत पाने के लिए शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने की जरूरत है। पीठ ने रामदेव को शिकायतकताओं को पक्षकार बनाने की छूट दी और मामले में आगे

की सुनवाई शीर्ष अदालत की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद के लिए स्थगित कर दी। अदालत की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां 20 मई से शुरू होंगी। बिहार सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। न्यायालय ने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ की गईं रामदेव की कथित टिप्पणियों को लेकर दर्ज विभिन्न प्राथमिकियों के संबंध में कार्यवाहियों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका पर केंद्र, बिहार एवं छत्तीसगढ़ की सरकारों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को पिछले साल नौ अक्टूबर को नोटिस जारी किया था।

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे देश के नए नौसेना प्रमुख

नयी दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी इस महीने के अंत तक नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। वह निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार का स्थान लेंगे। एडमिरल कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। वाइस एडमिरल त्रिपाठी अभी नौसेना के उप प्रमुख हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया, सरकार ने अभी नौसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 30 अप्रैल की दोपहर से नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया है। वाइस एडमिरल त्रिपाठी

का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था और एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ वाइस एडमिरल त्रिपाठी का करीब 30 वर्ष का लंबा और विशिष्ट करियर रहा है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। उन्होंने आईएनएस विनाश की भी कमान संभाली थी। रियर एडमिरल के तौर पर वह ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं।

बसपा ने वाराणसी में बदला उम्मीदवार

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। वाराणसी लोकसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को नए प्रत्याशी की घोषणा की। पूर्व में घोषित प्रत्याशियों में फेरबदल करते हुए पहले उम्मीदवार बने अतहर जमाल लारी का टिकट काट दिया है। बसपा ने अब पूर्व पार्षद सैय्यद नेयाज अली उर्फ मंजू भाई को मैदान में उतारा है। नए प्रत्याशी नेयाज अली दमपुरा क्षेत्र से नगर निगम में पार्षद रह चुके हैं और मुस्लिम मतदाताओं के अलावा कामगारों में अच्छी पकड़ रखते हैं। लंबे समय से जमीनी स्तर पर काम करने वाले मंजू मूलभूत समस्याओं से भी रूबरू हैं। इसके अलावा भदोही से अतहर अंसारी और मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज को प्रत्याशी बनाया है।

नलिन प्रभात बने एनएसजी प्रमुख

नयी दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को देश की आतंकवाद निरोधक इकाई राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। प्रभात आंध्र प्रदेश काडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 31 अगस्त 2028 यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक की अवधि के लिए एनएसजी के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

एनएसजी को 'ब्लैक कैट्स' के नाम से भी जाना जाता है और इसकी स्थापना 1984 में की गई थी। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी एनएसजी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। एसीसी ने खुफिया ब्यूरो (आईबी) में विशेष निदेशक के पद पर सपना तिवारी की नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है। ओडिशा काडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी तिवारी वर्तमान में आईबी में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

देश के भविष्य का है यह चुनाव : मोदी

अमरोहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है जिसमें जनता का एक-एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने अमरोहा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े दृष्टिकोण और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है लेकिन विपक्षी गुट 'इंडियाइ के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है।

उन्होंने कहा कि इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर ए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अमरोहा के रहने वाले क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद

शमी की तारीफ की। उन्होंने कहा, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया वो पूरी दुनिया ने देखा है। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन पुरस्कार दिया है और योगी सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है।

उन्होंने कहा, अमरोहा की एक ही थाप है- कमल छाप! और अमरोहा का एक ही स्वर है - फिर एक बार मोदी सरकार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण पर मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें, अवश्य वोट करें।

मोदी ने कहा कि अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ये क्षेत्र अपने मेहनती किसानों के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा सरकारों में यहां के किसानों की समस्याओं को न सुना जाता था और न देखा जाता था और न ही उनकी परवाह की जाती थी लेकिन भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को कम करने के लिए दिन रात काम कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

गांधीनगर लोकसभा सीट से अमित शाह ने किया नामांकन

गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शाह इस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हैं। शाह ने जब यहां गांधीनगर जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा, उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ थे। उन्होंने अपराह्न ठीक 12 बजकर 39 मिनट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस समय को 'विजय मुहूर्त' माना जाता है।

कॉलेज में कांग्रेस नेता की बेटी की हत्या

बेंगलुरु। कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (23) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए। हमले में फैयाज को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

यूपी समेत पांच राज्यों में तेज गर्मी की संभावना

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंज में हो सकती है बर्फबारी

नई दिल्ली। देश में कुछ राज्यों में तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। वहीं, कुछ राज्यों में तेज बारिश, बर्फबारी और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने छह राज्यों में तेज गर्मी के साथ बारिश की संभावना जताई है। इनमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और तमिलनाडु शामिल है। गुरुवार को यहां

तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था। गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज गर्मी का असर देखने को मिलेगा। वहीं, 5 राज्यों (ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु) में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तेज हवाओं के साथ बर्फबारी की संभावना जताई गई है। साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी और हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में फिलहाल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर देखने को मिल रहा है। इस कारण आज अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बरसात होगी।

देश में बदलाव दुनिया के लिए कौतूहल का विषय : योगी



अमरोहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां खाने के लाले पड़े हुए हैं, वहीं आज भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले चार वर्षों से मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है। योगी आदित्यनाथ आज अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंवर सिंह तंवर के समर्थन में एक राजनीतिक रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, देश में वर्ष 1947 में विभाजन के दौरान पाकिस्तान का

भूभाग ज्यादा था जबकि वहां आबादी कम थी। आज पाकिस्तान की आबादी करीब 23 से 24 करोड़ है, फिर भी वहां खाने के लाले पड़े हैं। वहीं भारत में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले चार वर्षों से मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है। यह बदलते और नए भारत की तस्वीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमें 'विकसित भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'ग्लोबल लीडर' (वैश्विक नेता) के रूप में आगे बढ़ने के लिए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करनी है, ताकि तीसरी बार फिर मोदी सरकार को देश का नेतृत्व सौंपकर ये लक्ष्य हासिल किए जा सकें। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नए भारत के शिल्पी के रूप में 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

आज दोपहर जारी होगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट

प्रयागराज (परिवर्तन दूत)। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल, 2024 को अपराह्न 02:00 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। परीक्षाफल माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश : संजय सिंह

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी का यह आरोप फिर से दोहराया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है और जेल में उनके साथ कुछ भी हो सकता है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा 'तंत्र' किसी की हत्या करने के स्तर तक गिर सकता है। संजय सिंह के आरोपों पर भाजपा ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राज्यसभा सांसद ने केजरीवाल की बीमारी का 'मजाक उड़ाने' के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के बारे में मीडिया के माध्यम से 'भ्रामक खबरें' फैलाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया, यदि जेल के नियमों के अनुसार किसी कैदी की स्वास्थ्य

संबंधी जानकारियां साझा करने की इजाजत नहीं होती है तो ईडी ने बृहस्पतिवार को मीडिया में केजरीवाल का फर्जी आहार चार्ट क्यों साझा किया? संजय सिंह के आरोप पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि केजरीवाल न तो टूटेंगे और न ही झुकेंगे। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को यह आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में घर के बने भोजन और इंसुलिन से वंचित कर मारने की साजिश रची जा रही है।

ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर पर इजराइल का हमला

यरूसलम। इजराइल ने ईरानी हमले के 6 दिन बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे (भारतीय समयानुसार) जवाबी कार्रवाई की है। रिपोर्ट के अनुसार न्यूज के मुताबिक इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान को निशाना बनाया। टाइम्स ऑफ इजराइल ने कहा है कि हमला ईरान के एयरबेस पर हुआ है। इसके अलावा इराक और सरिया में भी एयरस्ट्राइक की गई हैं। इस्फहान वही प्रांत है, जहां नतान्ज समेत ईरान की कई न्यूक्लियर साइट्स मौजूद हैं। ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने भी धमाकों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। हमला ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के 85वें जन्मदिन पर हुआ है। हालांकि, इजराइल ने अब तक हमले की पुष्टि नहीं की है। वहीं, ईरान ने कहा है कि उन्होंने इस्फहान में 3 ड्रोन्स को मार गिराया है।

सरकार के खिलाफ पश्चिमी यूपी में अदृश्य लहर : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उत्तर प्रदेश में जनसभा से पहले शुक्रवार को दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सरकार की विफलताओं के खिलाफ एक 'अंडरकरंट' (अदृश्य लहर) है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को क्यों नजर अंदाज किया है?

प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश के गजरौला में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा ने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को क्यों नजर अंदाज किया है? 20,000 करोड़ रुपये के बावजूद भी गंगा भारत की सबसे प्रदूषित नदी क्यों है? मोदी सरकार बड़े पैमाने पर हो रहे पेपर लीक को रोकने के लिए क्या कर रही है? उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय के अनुसार उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है, फिर भी, भाजपा सरकार ने गन्ने की कीमत बढ़ाने के लिए किसानों की मांग को लगातार नजरअंदाज किया है। रमेश के

अनुसार, उत्तर प्रदेश में गन्ने की कीमतें सिर्फ 360 रुपये प्रति क्विंटल हैं, जबकि यह पंजाब में 386 रुपए प्रति क्विंटल और हरियाणा में 391 रुपए प्रति क्विंटल है। उन्होंने सवाल किया क्या कि डबल इंजन की सरकार ने जनता की दुर्दशा पर अपनी आंखें मूंद ली है? उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों और मिल मजदूरों की मदद के लिए भाजपा सरकार क्या कर रही है? रमेश ने कहा, "मोदी सरकार ने गंगा नदी में पानी की गुणवत्ता में सुधार के लक्ष्य के साथ 2014 में नमामि गंगे योजना शुरू की थी। इसके तहत 2014 और 2019 के बीच 20,000 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी गई थी और 2021 तक 815 नए सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) बनाए या प्रस्तावित किए गए। जल शक्ति मंत्रालय का दावा है कि नदी की स्थिति में काफी सुधार हुआ है, लेकिन जैसा कि इस सरकार के मामले में अक्सर होता है, वह दावा भी झूठा निकला। उन्होंने सवाल किया कि भारतीय करदाताओं के 20,000 करोड़ से क्या हासिल हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया, मोदी सरकार के शासनकाल में, पिछले कुछ वर्षों में सरकारी पदों पर भर्ती के लिए हुई परीक्षाओं के कम से कम 43 परीक्षा पत्र लीक हुए हैं। ऐसा होने से करीब दो करोड़ उम्मीदवार प्रभावित हुए हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद परीक्षा रद्द होने से 60 लाख आवेदकों का भविष्य खतरे में पड़ गया। रमेश ने सवाल किया, हमारे युवाओं को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के पास क्या दृष्टिकोण है? भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार अपनी गलतियों को सुधारने और यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर रही है कि हमारे युवाओं को फिर कभी इस तरह के अन्याय का सामना न करना पड़े? उन्होंने कहा, "आज जब प्रधानमंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश का दौरा किया तब यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भले ही वह रालोद को 'इंडिया' गठबंधन से राजग में ले जाने में कामयाब हो गए हों, लेकिन असली लोकदल अभी भी 'इंडिया' के साथ है।

ज्ञानवापी तहखानों के सर्वे की मांग पर सुनवाई टली

तीन मई को नए जिला जज करेंगे मामले की सुनवाई

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला जज की अदालत में शुक्रवार को ज्ञानवापी मामले में सुनवाई थी, जो टल गई है। अब अगली सुनवाई 3 मई को तय की गई है। हाईकोर्ट की ओर से तैनाती के बाद नवनियुक्त जिला जज आज ज्ञानवापी से जुड़ा पहला केस सुनेंगे। इसके अलावा ज्ञानवापी के समेकित किए गए आठ केस की पत्रावली भी पढ़ी जानी है। ज्ञानवापी के बंद तल गृहों के सर्वे की मांग को लेकर दाखिल मुकदमे और मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन पूजन की मांग प्रमुख है। साथ ही वादी राखी सिंह की ओर से दाखिल बंद तल गृहों का एएसआई सर्वे का पक्ष भी सुना जाएगा। वादी राखी सिंह के अधिवक्ता बहादुर सिंह, अनुपम त्रिवेदी और सौरभ तिवारी ने जिला जज वाराणसी की कोर्ट में याचिका

दायर की थी। इसमें ज्ञानवापी परिसर में बंद दो अन्य तहखानों को खोलने और उनके एएसआई सर्वे की मांग की गई है।

याचिका में बंद तहखानों का नक्शा भी लगाया गया है। अन्य गुप्त तहखाने जो तहखानों के अंदर हैं, उनका भी सर्वे करने की मांग की गई है। अपील में कहा गया है कि ज्ञानवापी का पूरा सच उजागर होना चाहिए, जिससे लोगों को सच्चाई का पता लग सके। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के कार्यपालक अधिकारी की तरफ से दिया गया आवेदन भी विचाराधीन है। आज जिला जज उस केस में भी सुनवाई कर सकते हैं। जिसमें व्यासजी के जिस तहखाने को खोलकर पूजा-पाठ की अनुमति दी गई है उसका छत जर्जर होने के कारण उस पर मुस्लिमों के नमाज पढ़ने और चहल कदमी पर रोक लगाने की मांग की गई है।भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान केस के संरक्षक और विश्व वैदिक सनातन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह विसेन ने बताया कि तहखानों में कई राज छिपे हैं। अभी तक जो भी सामने आया है वह आदि विश्वेश्वर मंदिर के रहस्य का केवल 25% ही है। बाकी तो अभी भी रहस्यात्मक बना हुआ है। जितेंद्र सिंह विसेन ने कहा कि तहखानों के अंदर के रास्तों का पूरा मैप है। आज जहां तहखाने में पूजा हो रही है, वहां से आगे रास्ता जाता है। 2 तहखानों को पार करने के बाद एक रास्त है, जहां से मंदिर की पूरी सच्चाई सामने आने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि साल 2018 से इसकी तैयारी कर रहा था। अब फैक्ट्स काफी क्लियर हैं।

रोपवे में हल्का सामान ही ले जा सकेंगे यात्री

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। रोपवे में यात्री हल्का हैंडबैग, लैपटाप व स्कूली बैग ही ले जा सकेंगे। बड़े और वजनी सामान को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसको रखने के लिए कैंट स्टेशन पर लॉकर बनेगा। वाराणसी में रोपवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। नेशनल हाईवे लाजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार कैंट स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों के लिए लॉकर की व्यवस्था होगी। ताकि वे अपना सामान यहां रख कर रोपवे में सफर कर सकें। रोपवे में केवल छोटे हैंडबैग, लैपटाप, महिलाओं के पर्स आदि ले जाने की ही इजाजत दी जाएगी। वाराणसी में कैंट से गोदौलिया तक का 3.85 किलोमीटर का सफर महज 16 मिनट में तय हो जाएगा। रोपवे का गंडोला करीब 50 मीटर की ऊंचाई पर चलेगा। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए गंडोला उपलब्ध रहेगा। 150 गंडोला से रोजाना 6 हजार यात्री सफर करेंगे। रोपवे के लिए स्विटजरलैंड और आस्ट्रिया से उपकरण मंगाए जा रहे हैं। रोपवे को दिव्यांगजन के अनुकूल बनाया जा रहा है। दिव्यांगजन के लिए गंडोला की सीटें फोल्ड हो सकेंगी, ताकि ह्वील चेयर आसानी से प्रवेश कर सके।

अभिनेत्री आरती सिंह ने लिया बाबा से आशीर्वाद

गोविंदा की भांजी ने विवाह का पहला कार्ड महादेव को समर्पित किया

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। रियलिटी शो बिग बॉस 13 में नजर आ चुकी आरती सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। मशहूर एक्टर गोविंदा की भांजी आरती शादी से पहले भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए काशी विश्वनाथ धाम पहुंची। इस दौरान उनके हाथ में शादी का कार्ड भी दिखाई दिया। जैसे ही यह फोटो सोशल मीडिया पर आई फैंस से उन्हें बधाईयां मिलनी शुरू हो गईं। जानकारी के अनुसार आरती सिंह और दीपक चौहान 25 अप्रैल को शादी करने जा रहे हैं। ऐसे में एक्ट्रेस अपनी इस नई जर्नी की शुरूआत भगवान के आशीर्वाद के साथ करना चाहती हैं। आरती सिंह काशी विश्वनाथ धाम में पहुंची और बाबा से आशीर्वाद लिया। बताया जा रहा है कि वे अकेले ही काशी विश्वनाथ धाम पहुंची थीं। वे हाथ में शादी का कार्ड लिए बाबा के मंदिर को देख रही हैं। बेहद खूबसूरत लाल शूट में दिखीं और हाथों में चूड़ियां पहने हुए थीं। आरती सिंह और दीपक शर्मा की शादी की रस्में 23 अप्रैल से शुरू हो जाएंगी। बॉलीवुड के सुपर स्टार रह चुके गोविंदा की भांजी हैं आरती सिंह। वे करीब 15 साल से एक्टिंग की दुनिया में हैं। आरती सिंह ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत जी टीवी के शो मायका से की थी। 2007 में उन्होंने मायका सीरियल में सोनी की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्हें स्टार प्लस के शो गृहस्थी में रानो की भूमिका निभाते हुए देखा गया। इसके बाद वे थोड़ा है बस थोड़े की जरूर है, सीरियल में मुग्धा बनीं। आरती सिंह ने कई बड़े रोल किए और दर्शकों के दिल में जगह बनाती गईं। 2011 में उन्होंने एकता कपूर के शो परिचय-नई जिंदगी के सपनों का... में सीमा की भूमिका निभाई। बाद में उन्होंने कलर्स टीवी के उतरन में कजरी की भूमिका निभाई। 2014 में वह देवों के देव शो में दिखाई दीं। इसके बाद वे रियलिटी शो बॉक्स क्रिकेट लीग में भी शामिल रहीं।

शोभायात्रा में रामलला की मूर्ति होगी आकर्षण का केंद्र

प्रभु राम को समर्पित होगी श्रीहनुमान ध्वजा यात्रा

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा निकली जाने वाली हनुमान ध्वजयात्रा इस बार प्रभु श्रीराम को समर्पित होगी। पिछले 20 वर्षों से निकाली जा रही ध्वजायात्रा इस वर्ष 23 अप्रैल मंगलवार को भव्य रूप से निकाली जाएगी।

संयोजक रामबली मौर्य ने बताया कि श्री राम मंदिर की झांकी सबसे खास होगा, इसके लिए विशेष तौर से एक ट्रॉली तैयार की गई है। उस पर अयोध्या के श्रीराम की झांकी सजाई जाएगी। यह मंदिर करीब 25 फीट लंबा, 22 फीट ऊंचा और 15 फीट चौड़ा बनाया गया है। जिसमें रामलला (अयोध्या) की प्रतिकृति वाली प्रतिमा बैठाई जाएगी। यह विशेष रूप से अयोध्या से ही मंगाई गई है। ध्वजायात्रा में इस बार 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल होंगें। जिनके द्वारा 11,000 ध्वजाएं श्री संकटमोचन हनुमान जी के चरणों में समर्पित किया जाएगा। 25 फीट लंबा एक विशेष ध्वजा भी प्रभु के चरणों में समर्पित किया जाएगा। ग्रामीण अंचलों से इस बार के ध्वजायात्रा के लिए लोंगों में इस बार खसा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के आठ कार्यालयों जिसमें रामसिंहपुर (कछवां के पास), कोनियां, अदलपुरा, जानकी नगर, शिवरतनपुर, बजरडिहां, खोजवां, डाफी से सुबह 5 बजे से ही भक्तों का जत्था अपनी अपनी झांकियों के साथ भिखारीपुर तिराहे पर पहुंचेगा। इसमें विभिन्न देवगणों के देवस्वरूप में श्रीराम, जानकी, श्री हनुमान, बाबा भोलेनाथ के साथ ही वानर सेना भी आर्कषण का केंद्र होगा।

अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

घर-घर जाकर बच्चों का किया गया नामांकन

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। हरहुआ प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय होलापुर में नामांकन उत्सव रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अभिभावको से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रैली के दौरान घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन किया गया। विद्यालय बुलाकर नामांकित कक्षा एक के सभी नवप्रवेशी बच्चों को माल्यार्पण के साथ पुरस्कृत किया गया। साथ साथ रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों ने किया। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार और नोडल मनोज सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका सरिता प्रजापति, प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला देवी, शिक्षक संकुल अखिलेश पांडेय ,योगेंद्र कुमार सहित दोनों विद्यालयों के बच्चे, शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे।

नाले का ढक्कन क्षतिग्रस्त, आवगमन में हो रही समस्या

सड़क किनारे के दुकानदार दुर्गन्ध से परेशान

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में नाला क्षतिग्रस्त हो गया। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बंगला चट्टी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 19 के किनारे निर्मित नाला जगह -जगह क्षतिग्रस्त और खुला पड़ा है। क्षतिग्रस्त नाला से बड़ा हादसे होने की संभावनाएं अधिक है। कुछ वर्ष पूर्व मिजार्मुराद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 19 चौड़ीकरण के दौरान रोड के दोनों तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा नाले का निर्माण कार्य करवाया गया था, नाले को सिलाप द्वारा ढका गया था। निर्माण कार्य के बाद नाले की समय पर देखभाल और मरम्मत कार्य नहीं किया जा रहा है, भारी वाहन के चलते बंगलाचट्टी के पास नाला टूट गया है, लेकिन विभाग मौन है। टूटे हुए स्थान से दुर्गंध और मच्छर आसपास के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास होने के कारण लोगो का यहां से आवागमन लगा रहता है। लोग नाले के ऊपर पैदल चलकर मिजार्मुराद बाजार तक जाते हैं। कभी-कभी बच्चे नाले पर लोग साइकिल भी चलाते हैं। ऐसे में नाले का टूटना कभी भी किसी बड़े दुर्घटना का कारण बन सकता है। नाला टूटने से उसमें भारी मात्रा मे कचरा जमा हो गया। जिससे से मच्छर निकल तमाम प्रकार की बीमारियों को जन्म दे रहे है। दुर्गन्ध के कारण आस पास के दुकानदारों का हाल बेहाल है। स्थानीय निवासी संतोष तिवारी बोले कि गौर बंगला चट्टी पर उनका निवास स्थान है, कुछ दिन पूर्व किसी भारी वाहन के चढ़ने के कारण नाला का ढक्कन टूट गया है। नाला खुले रहने की वजह से उसमे कचरा भर गया है।

नारी शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत कराया गया योगाभ्यास

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। रविवार को नमामि गंगे वाराणसी महानगर व सम्पूर्णानंद संस्कृत महाविद्यालय के स्वास्थ्य तत्वावधान में योग शिक्षक राजकुमार मिश्रा द्वारा नवरात्र के अवसर पर नारी शक्ति कार्यक्रम के तहत मातृशक्ति के आरोग्य सुख की कामना से लोगो को नमो घाट पर योगासन कराया।जिस में पाचन को ठीक रख ने के लिए वज्रासन, प्रणायाम, सूर्य नमस्कार, शीर्षासन, मंडूकासन,भ्रामरी मन को शांत रखने के लिए भुजंगासन मकरासन इत्यादि कराया गया। इस कार्यक्रम में नमामि गंगे के सहसंयोजक शिवम अग्रहरि ,जय विश्वकर्मा मीरा फाउंडेशन के मनोज कुमार ,विजय कुमार, अजय कुमार, दीपशिखा, संपूणानंद के योग गुरु राजकुमार के शिष्य भी शामिल हुए और योगासन का अभ्यास किया ।

कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल

मिर्जामुराद। मिर्जामुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात गौर गांव से स्थानीय गांव निवासी वीरेंद्र राजभर उर्फ बोदे को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक प्लास्टिक के पिपिया से 24 लीटर कच्ची देशी शराब बरामद करते हुए युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर युवक को शुक्रवार को पुलिस ने लिखा पड़ी करने के बाद जेल भेज दिया। पकड़े गए युवक ने बताया कि मिर्जापुर जिले से शराब लाकर गौर गांव मिर्जामुराद क्षेत्र के आसपास जगहों पर उच्चे दामों में बेचता हूं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में करधना चौकी प्रभारी रोहित दूबे, एसआई दिगम्बर उपाध्याय, कांस्टेबल रमेश यादव व कमलेश यादव रहे।

काशी विद्यापीठ के छात्रों ने जाना टाइम मैनेजमेंट की बारीकियां

'टाइम मैनेजमेण्ट फॉर इम्प्लाई एंगेजमेण्ट' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। प्रबन्धशास्त्र अध्ययन संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शुक्रवार को "टाइम मैनेजमेण्ट फॉर इम्प्लाई एंगेजमेण्ट" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. एस.ए. अंसारी, पूर्व संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं प्रबन्धशास्त्र अध्ययन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने समय प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने समय की विशेषताओं को छात्र-छात्रओं को समझाया। प्रमुख विशेषताओं में सांदार्मिक तथा अतिक्षयशील समय पर छात्रों का ध्यान आकर्षित कराया।

प्रो. अंसारी ने समय प्रबन्धन पर काम को दो भागों में विभक्त करते हुए इम्पार्टेण्ट और अर्जेण्ट समय का प्रयोग विशेष रूप से बताया। इसके लिए उन्होंने दो बाई दो का मैट्रिक्स दिया। प्रथम मैट्रिक्स में वह काम किया जाय जो अर्जेण्ट भी और इम्पार्टेण्ट भी हो। द्वितीय मैट्रिक्स में वह काम किया जाए जो इम्पार्टेण्ट हो परन्तु अर्जेण्ट न हो। तीसरे मैट्रिक्स में वही कार्य हो जो इम्पार्टेण्ट न हो लेकिन अर्जेण्ट हो तथा अन्तिम मैट्रिक्स में वह काम किया जाना चाहिए जो इम्पार्टेण्ट व अर्जेण्ट दोनों न हो।

उन्होंने छात्रों को डूइंग द राइट टास्क एट द राइट टाइम का मन्त्र दिया। अतिरिक्त परिदृश्य में सब्जेक्टिव टाइम को महत्वपूर्ण बताया। उदाहरण के तौर पर अच्छे समय प्रबन्धन हेतु रोमन दार्शनिक सेनेका और पीटर ड्रकर का उल्लेख करते हुए उनकी पूरी थीम का वर्णन किया। स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. अशोक कुमार मिश्र, संचालन डॉ. अभिषेक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीना शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ. चित्रसेन गौतम, विवेक कुमार श्रीवास्तव, अमृता मजूमदार, सचिन जैसल आदि उपस्थित रहे।

गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने पर बच्चे की मौत

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर मुकदमा दर्ज, डॉक्टर फरार

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। रामनगर थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक निवासी पूर्व सभासद संतोष शर्मा के भतीजे प्रांजल शर्मा की नरिया (लंका) स्थित सहयोग चिकित्सालय में ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। अब इस मामले में पुलिस आयुक्त के निर्देश पर लंका थाने में डॉक्टर के खिलाफ आईपीसी 304 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रांजल की 13 सितंबर 2023 को गलत इंजेक्शन देने के बाद मौत हो गयी थी। प्रांजल के पिता नगर निगमकर्मी चंद्रशेखर ने पूर्व में डीएम के यहां शिकायत कर चिकित्सक टी एस उपाध्याय पर बेटे प्रांजल की हत्या का आरोप लगाया था। जिसके बाद जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने सीएमओ को जांच का आदेश दिया था। सीएमओ ने डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम बनाकर पूरे प्रकरण की जांच कराई तो जांच में डॉक्टर टी एस उपाध्याय द्वारा प्रांजल को गलत तरीके से डेरिफाईलिन इंजेक्शन लगाया गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गयी। चिकित्सकीय टीम की रिपोर्ट के आधार पर चंद्रशेखर शर्मा ने पुलिस आयुक्त से गुहार लगाकर चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर गुरुवार को डॉक्टर के खिलाफ लंका थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया वहीं दूसरी ओर मुकदमा लिखे जाने के बाद से डॉक्टर टी एस उपाध्याय फरार चल रहे है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। लंका प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि चिकित्सक की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है ।

स्वयं सहायता समूह को सर्विस क्षेत्र से जोड़ने का बीजेपी ने किया वादा

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कैंट विधानसभा के रविदास मंडल में शक्ति केंद्र भिखारीपुर में नारी शक्ति चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं वाराणसी लोकसभा महिला सम्पर्क प्रमुख नम्रता चौरसिया ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा दोनों बढ़ी है।नम्रता चौरसिया ने आगे कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर सरकार ने महिलाओं को लोकसभा व राज्यसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया। अगले पांच वर्ष में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।कार्यक्रम की संयोजक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संध्या तिवारी रहीं। चौपाल में गीता देवी, सुशीला देवी, बुलबुल समेत बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की बहनें उपस्थित रहीं।

गंगा टास्क फोर्स के सदस्यों ने घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। गंगा तट को स्वच्छ रखने के लिए नमामि गंगे के सदस्यों ने कमर कस ली है। काशी के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए शुक्रवार को दशाश्वमेध से राजेंद्र प्रसाद घाट तक विशेष सफाई अभियान की शुरूआत हुई । नमामि गंगे व 137 सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाकर गंगा तलहटी की सफाई के साथ जागरूकता की। स्वच्छता अभियान के तहत सदानीरा के तट पर जगह- जगह फेंके गए कूड़े कचरे को भी नमामि गंगे के सदस्यों व जवानों ने उनके सही स्थान कूड़ेदान तक पहुंचाया। घाटों पर श्रमदान के बाद वहां उपस्थित पर्यटकों और आम लोगों को गंगा और घाटों को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। जागरूकता के दौरान विदेशी पर्यटक भी शामिल रहे । पतित पावनी मां गंगा की अविरल धारा को निर्मलता के साथ बहने और उनको हमेशा स्वच्छ रखने के लिए सभी संकल्पबद्ध हुए। गंगा मैया की जय के बीच नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी ने 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो' के नारे संग प्रत्येक काशीवासी को गंगा स्वच्छता से जुड़ने की अपील की। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा सफाई अभियान के लिए युवाओं और माताओं-बहनों का उत्साह मां गंगा के लिए बड़ा लाभकारी है।स्वच्छता की प्रतिबद्धता के लिए संकल्प, साफ-सफाई और जागरूकता से अपनी गंगा नित निर्मलीकरण की ओर अग्रसर होंगी। आयोजन का मूल उद्देश्य गंगा से सबको जोड़ना है । आयोजन में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, सूबेदार दल बहादुर बासनेट, महानगर सहसंयोजक सरिका गुप्ता, गंगा टास्क फोर्स के जवान, रमेश चौहान, राजेंद्र सिंह, अशोक बाजपेयी सहित नागरिकगण शामिल रहे।

गंगा को निर्मल बनाये रखने का भगीरथ प्रयास

वाराणसी (परिवर्तन दूत) (सं.)। कामदा एकादशी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने मोक्षदायिनी गंगा में पुण्य की डुबकी के साथ ही एकादशी व्रत रखकर भगवान श्री हरि नारायण विष्णु का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर शुक्रवार को दशाश्वमेध घाट पर स्नान कर रहें हजारों श्रद्धालुओं को गंगा निर्मलीकरण अभियान में भागीदारी करने हेतु आह्वान किया गया। जनजागरण के उद्देश्य से नमामि गंगे महानगर इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाया। नमामि गंगे महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने गंगा तलहटी में उतरकर भारी मात्रा में कपड़े, प्लास्टिक, निर्माल्य, प्लास्टिक की बोतलें आदि को समेटकर निस्तारण हेतु भेजा। घण्टों श्रमदान किया गया। श्रमदान में कुछ युवा स्नानार्थियों ने भी प्रेरित होकर स्वेच्छा से सहयोग किया।शिवम ने कहा कि भगवान श्री हरि नारायण विष्णु के चरण कमलों से निकली गंगा को निर्मल बनाये रखने का जतन निरंतर करना होगा। इनका अविरल व निर्मल प्रवाह बना रहे इस हेतु सभी को संगठित होकर उपक्रम करना होगा।यह भगीरथ प्रयास निरंतर जारी है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि, जय विश्वकर्मा, दीपशिखा कन्नौजिया, रेनु जायसवाल, सिद्धार्थ, अमन सहित नगर निगम के कर्मचारी रहें।

बड़े बकाएदारों की संपत्ति जब्त करेगा राजस्व परिषद

चेयरमैन ने समीक्षा में दिए सख्ती के निर्देश

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। उप्र राजस्व विकास परिषद के चेयरमैन डा. रजनीश दुबे ने शुक्रवार को वाराणसी में राजस्व वाद निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व वादों, रियल टाइम खतौनी, खसरा, खतौनी पुनर्निरीक्षण, अंश निर्धारण आदि की प्रगति जानी। राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया तो बड़े बकायेदारों से वसूली में कड़ाई बरतने की बात कही। चेयरमैन ने सख्त निर्देश दिया कि धनराशि अदा नहीं करने वाले बकाएदारों की संपत्ति को जब्त कर-के रिकवरी की जाए। शुक्रवार को अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ रजनीश दुबे ने आयुक्त सभागार में आला अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने राजस्व वादों, रियल टाइम खतौनी, खसरा, खतौनी पुनर्निरीक्षण, अंश निर्धारण की तहसील वार समीक्षा की। तहसील वार घरौनी

रिपोर्ट की प्रगति की भी समीक्षा की। जिसमें इ-खतौनी में पिंडरा तहसील के कार्यों पर संतोष जताया तो सदर तहसील को 15 जुलाई तथा राजातालाब को 15 जून तक टीम बनाकर कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। अंश निर्धारण में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी तथा एसडीएम को योजना बनाकर तेजी लाने की बात कही। इ-खतौनी, अंश निर्धारण तथा घरौनी पर तेजी लाने का निर्देश दिया गया ताकि मिनिमम टार्गेट को प्राप्त किया जा सके। मानचित्र डिज़िटाइजेशन के दौरान बताया गया कि सभी 1283 कार्यों को करा लिया गया है, उन्होंने जिलाधिकारी को बैठक कर समीक्षा कराने हेतु निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम,अपर आयुक्त प्रशासन, मुख्य राजस्व अधिकारी, एडीएम सिटी, एडीएम प्रशासन, एडीएम एफआर, एडीएम प्रोटोकोल, एसडीएम सदर, राजातालाब, पिंडरा एसडीएम प्रतिभा मिश्रा उपस्थित रहे। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि कमिश्नरी न्यायालय में पहले लगभग 44000 राजस्व वाद लंबित थे, 27 हजार वादों का निस्तारण कर लिया गया है। अब इसमें लगभग सत्रह हजार वाद बचे हुए हैं जिनके तेजी से निस्तारण करने का लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिनमें पांच वर्ष के ऊपर के केसों को प्रमुखता के आधार पर निस्तारित किया जा रहा है। वहीं जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने राजस्व परिषद चेयरमैन के समक्ष जिला स्तर पर राजस्व वसूली, वाद निस्तारण, इ-खतौनी, खसरा तथा अंश निर्धारण की प्रगति की जानकारी दी गयी। लंबित वादों के निस्तारण में मंडलायुक्त के प्रयासों की सराहना की गयी।

पेयजल की दिक्कत हो तो कंट्रोल रूम में करें फोन

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। चिरईगांव ब्लाक के गांवों में पेयजल की समस्या हो तो ग्रामीण कंट्रोल रूम में फोनकर शिकायत दर्जा करा सकते हैं। ब्लाक प्रशासन की ओर से तत्काल समस्या का समाधान किया जाएगा। कंट्रोल रूम में कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल समस्या के निवारण हेतु कन्ट्रोल रुम खोला गया है। कन्ट्रोल रुम प्रभारी शिवम शरण सोनकर बनाए गए हैं। उनके यहां कोई भी फोनकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। उनका मोबाइल नंबर 8948838382 है। इस पर शिकायत दर्जा कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड में कुल 3765 हैण्डपम्प हैं। इसमें 341 मरम्मत योग्य थे। 210 हैण्डपम्पों का मरम्मत करा दिया गया है। रिबोर योग्य 152 हैण्डपम्पों में से 20 हैण्डपम्प रिबोर भी हो गये हैं। मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का दो दिन के अन्दर मरम्मत करा दिया जा रहा है। रिबोर योग्य हैण्डपम्प एक सप्ताह में चालू करा दिए जाएंगे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने शुक्रवार को ग्रामपंचायत पतेरवां में मरम्मत हो रहे हैण्डपम्प का निरीक्षण किया। साथ ही पतेरवां में ही निश्शुल्क प्याऊ का भी निरीक्षण किया।

कर्मदेश्वर मंडल में मतदाता पर्ची वितरित

परिवर्तन दूत

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मण्डल के शक्ति केन्द्र कंचनपुर में शुक्रवार को बूथ संख्या 185 व 186 पर भाजपा जिलाध्यक्ष हंशराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में मतदाता पर्ची घर-घर वितरित किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य ने लोगों को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। बिहारी लाल पटेल, मनोज पटेल, रमेश विश्वकर्मा,

विजय कुमार, कुन्दन, संजय पटेल, महेन्द्र पटेल, विनोद राय, अश्वनी श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

घाट संध्या मंच पर कलाकारों ने की भजन की प्रस्तुति

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। अस्सी घाट स्थित सुबह-ए-बनारस मंच पर बनारस की युवा कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। साथ ही कलाकारों की प्रस्तुति देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गाया। कलाकारों ने अस्सी पर प्रस्तुत की भजन : घाट संध्या मंच पर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि में बनारस की युवा कलाकार हरिप्रिया पांडे ने सुरसरि के तट पर श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में सुंदर भजन गाकर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों के हृदय को जीत लिया। कलाकारों ने कार्यक्रम का शुभारंभ तेरी जय हो गणेश, बजरंगबली का क्या कहना, राधे राधे बोलों अद्भुत भजन गाया। साथ ही भजन गाकर के मां गंगा के श्री चरणों में कलाकारों ने नमन अर्पित किया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024
वोट डालने जाना है
अपना फर्ज निभाना है
1 जून 2024 को अपना अमूल्य मत अवश्य दें।
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, वाराणसी
जिलाधिकारी, वाराणसी

सड़क दुर्घटना में घायल तीसरे समाचार पत्र विक्रेता की भी मौत

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.) । चौबेपुर थाना क्षेत्र के उगापुर के समीप गत दिनों वाराणसी गाजीपुर हाइवे पर तेज रफ्तार कार के टक्कर में दो हाकरों की मौत हो गई थी। वहीं तीसरा युवक प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका बीएचयू स्थित ट्रामा सेन्टर में ईलाज चल रहा था। ईलाज के दौरान ही शुकवार को तीसरे हाकर प्रमोद कुमार का भी निधन हो गया। हाकर के निधन की सूचना घर में पहुंचते ही कोहराम मच गया।जानकारी के मुताबिक, विगत छः दिनों से प्रमोद कुमार जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। शुक्रवार को उसकी मौत के बाद पूरे गांव में जैसे मातम सा छा गया। जिस किसी को भी इस घटना की जानकारी मिली, तो प्रमोद के घर ढांढस बंधाने पहुंच जा रहा था। प्रमोद की मौत के बाद उसके घर में ची पुकार मची है।

प्रमोद कुमार की शादी 7 साल पहले हिना देवी हुई थी। उसके दो बच्चे आरुष और आरव क्रमशः 5 वर्ष और 3 वर्ष के हैं। घटना के बाद पत्नी हिना देवी, उसकी बहन और माता कमला देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

अक्षयवट हनुमान मंदिर के पुजारी को मातृ शोक

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विराजमान अक्षयवट हनुमान मंदिर के पुजारी रोहित पांडेय की माता लक्ष्मी पांडेय (62) का शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके कोनिया आवास से मणिकर्णिका घाट के लिए दोपहर में निकला। मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मंदिर के महंत नील कुमार मिश्रा, महंत रमेश गिरी, महंत बच्चा पाठक ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लक्ष्मी अपने पीछे दो बेटे, बहु, बेटी और नाती-पोता से भरा परिवार छोड़ गई।

जापान की तर्ज पर स्वच्छ-सुंदर होगी काशी

बनारस की सड़कों से हटेगा कूड़ा-कंटेनर

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। नगर निगम वाराणसी द्वारा शहर के मुख्य मार्ग से कूड़े के कंटेनर हटाए जाएंगे। इसको लेकर सर्वे शुरू कर दिया है और सर्वे का काम पूरा होने के बाद चिह्नित सभी कंटेनरों को दूसरे स्थान पर रखा जाएगा। इसकी शुरूआत सबसे पहले गोदोलिया मंदिर क्षेत्र से होगी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि 100 प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठाने के बाद कंटेनर को हटवा दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थान पर छोटे कंटेनर रखे जाएंगे। ताकि दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों और अन्य लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। शहर में महमूरगंज, सिगरा, मलदहिया, रवींद्रपुरी, भेलूपुर में जगह-जगह कंटेनर रखे गए हैं। कूड़ा नहीं उठता है तो कंटेनर से बदबू आती है। कई बार कंटेनर को उठाने वाली गाड़ियों की वजह से जाम लग जाता है। पिछले दिनों स्वच्छता में बेहतर रैंकिंग के लिए दो कूड़ाघर बंद किए जा चुके हैं। अब मच्छोदरी कूड़ा घर भी बंद करने की तैयारी है। नगर निगम की तरफ से की जा रही नई प्लानिंग के बारे में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने

बताया कि हाल ही में हमने और वाराणसी के कमिश्नर सहित कुछ अधिकारियों ने जापान का दौरा किया था। हम वहां से बेहत कूड़ा प्रबंधन सीखकर आए हैं। वहीं जापानी तकनीक का इस्तेमाल बनारस में भी किया जाएगा। इसके तहत वाराणसी में कचरा प्रबंधन को और भी बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए जापान की तर्ज पर काम होगा। नगर निगम ने पूरी प्लानिंग तैयार कर ली है। नगर निगम ने खास तरह के बायो पॉली बैग्स तैयार करवाने की शुरूआत की है। यह पॉलीबैग हर परिवार को दिया जाएगा।

नगर आयुक्त का कहना है कि यह सुविधा जापान में एप्लीकेबल है और वहां सफल भी है। इसी तरह पर उत्तर प्रदेश में पहले जिले के तौर पर वाराणसी में इसे लागू करने की तैयारी है। नगर निगम की यह सभी पहल चुनाव बाद शुरू हो जाएंगे। नगर निगम के पीआरओ संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव बाद डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सौ प्रतिशत होने लगेगा। मुख्य मार्गों से कूड़े के कंटेनर हटवा दिए जाएंगे। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और भी बेहतर होगी।

प्राकृतिक खेती विषयक प्रशिक्षण का शुभारंभ

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में शुक्रवार को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती विषयक प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कहा कि सरकार लगातार प्रयासरत है। किसान सहित समूह से जुड़ी दीदियां प्राकृतिक खेती अपनाकर अपना आर्थिक जीवन स्तर सुधार कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कृषि सखियों को कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर का भ्रमण कराया गया। जहां पर कृषि वैज्ञानिक डॉ श्रीप्रकाश सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की विधि इसकी उपयोगिता, जीवामृत, बीजामृत, गाय के मूत्र गोबर आदि से बने ब्रह्मास्त्र तथा बागवानी के साथ सहफसली खेती आदि के बारे में जानकारी दी

गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रतीक्षा सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ नरेन्द्र देव सिंह, उमाशंकर गुप्ता, प्रगतिशील कृषक उदयभानू सिंह, सत्र प्रभारी अमरनाथ द्विवेदी, राज्य प्रशिक्षक केएल पथिक, सुरेश तिवारी, सुरेश पाण्डेय, कृषि सखी रेनू देवी, संध्या जायसवाल, प्रियंका देवी, रिंकी देवी, शाहजहां बेगम, रेखा देवी, मनीषा देवी, विमला मौर्या, कमला देवी, संगीता कुमारी, शीला देवी, सुधा, शकुन्तला देवी, जानकी देवी, रामशिला, रीता रंजन, उर्मिला देवी, नीलम देवी, कमलावती देवी सहित वाराणसी चंदौली के विकास खण्ड धानापुर, चहनिया और बरहनी से चयनित 60 कृषि सखियों की उपस्थिति रही।

सपा नेता विष्णु शर्मा ने सुगम दर्शन को लेकर गलत व भ्रामक खबर दी

मन्दिर व्यवस्था को लेकर कहा गया उक्त वक्तव्य पूरी तरह निराधार व भ्रामक है

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा है कि सपा से जुड़े दो नेतागण द्वारा सुगम दर्शन और मंदिर व्यवस्था को लेकर भ्रामक खबर मीडिया को दी गयी है। सपा के दो नेतागण द्वारा मंडलायुक्त से चंदौली में विकास प्राधिकरण द्वारा एक मकान का नक्शा पास करने के संबंध में सहायता करने हेतु मुलाकात की थी। इसी के साथ सुगम दर्शन के बारे में मात्र वर्तमान दर को 300 से घटाकर 101 रुपये करने हेतु कहा गया। उनको बताया गया कि मंदिर में दर्शन पूरी तरह निःशुल्क है, केवल जो लोग बिना लाइन

जल्दी दर्शन करना चाहते हैं उनको सुगम दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। इस पर कोई आश्वासन या अन्य कोई वार्ता नहीं हुई। इसके बाद उनके द्वारा फोटो खिंचवाने का अनुरोध किया गया। इन सामान्य बातों के अलावा कुछ उनके द्वारा लिखा या बताया गया है तो वो पूरी तरह निराधार व भ्रामक है।

सुप्रीम कोर्ट तक जाकर काशी द्वार योजना को रद्द कराऊंगी : प्रिया सरोज

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। पिंडरा तहसील के किसानों द्वारा काशी द्वार योजना के तहत अपनी जमीन न दिए जाने को लेकर पिछले दो महीने से लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जमीन सरकार को नहीं देना चाहते हैं। यहां से हमारी यादें जुड़ी हुई हैं। वहीं इंडिया अलायंस के तहत समाजवादी पार्टी द्वारा मछलीशहर लोकसभा सीट से प्रत्याशी प्रिया सरोज शुक्रवार को धरना दे रहे किसानों से मिलने पहुंचीं। प्रिया सरोज ने किसानों से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। प्रिया सरोज ने कहा कि मैं किसानों के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ूंगी और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक जाकर काशी द्वार

योजना को रद्द कराऊंगी। दिल्ली में महिला पहलवानों के उत्पीड़न का प्रधानमंत्री के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला। वहीं दिल्ली में किसानों की राह में कांटे बिछाए गए और उन्हें आतंकवादी कहकर संबोधित किया गया। कल आपको भी यही कहा जाएगा। इस दौरान पूर्व सांसद तूफानी सरोज, किसान नेता फतेह नारायण सिंह, संतोष पटेल, रिजवान खान, जिला पंचायत सदस्य सिकंदर मिश्रा, फूलचंद यादव, सपा विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव, रहीम शेख, सिराज खान, संजय राजभर, इलियास खान, वीरेंद्र पटेल, राजेंद्र पटेल, श्याम लाल पटेल, शोभा राजभर, राम रतन पटेल, अनूप पटेल, धन्वत्र पटेल, अशोक पटेल, गिरधर पटेल, रामजी सिंह, नंद राम शास्त्री, जवाहर लाल दुबे, राम उदल, संजय कुमार, गुलाब यादव समेत दर्जनों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रैक्टर किशोरी घायल

वाराणसी (परिवर्तन दूत) (सं.)। रामनगर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप बालू लेकर आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया। इससे हड़कंप मच गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोरी घायल हो गई। उसका इलाज एलबीएल अस्पताल में कराया गया। आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। ट्रैक्टर-ट्राली बालू लादकर जा रहा था। दुर्गा मंदिर के समीप अचानक अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से नेहा (14 वर्ष) घायल हो गई। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने चालक को पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

गंभीर नवजात शिशुओं के उपचार में अहम भूमिका निभा रहा 'एनबीएसयू'

पिछले एक वर्ष में 719 बच्चों को भर्ती कर किया गया सफलतापूर्वक उपचार

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। पिछले माह सात तारीख को चोलापुर निवासी नीलम (25 वर्ष) ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोलापुर में साढ़े तीन किलो ग्राम की बच्चे को जन्म दिया। लेकिन जन्म के तुरंत बाद बच्चे को ऐंठन, झटके और कपकपी होने लगी, जिससे नीलम बहुत घबरा गईं थीं। तत्पश्चात बच्चे को सीएचसी पर स्थित न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) में भर्ती किया गया। वहाँ प्रशिक्षित शिशु रोग विशेषज्ञ व स्टाफ नर्स की देखरेख में उचित उपचार किया गया। करीब एक सप्ताह तक बच्चे का उपचार चला और 16 मार्च को डिस्चार्ज हो गया। शिशु के पिता वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अच्छा हुआ कि हमने अपने बच्चे का प्रसव सरकारी चिकित्सालय में कराया। लेकिन सीएचसी के डॉक्टरों ने मेरे बच्चे का बहुत ख्याल रखा। अब मेरा बच्चा एक माह से ज्यादा का हो गया है और वह पूरी तरह स्वस्थ है।

वहीं चोलापुर निवासी सपना (21 वर्ष) ने सीएचसी चोलापुर पर फरवरी को दो किलो नौ सौ ग्राम के बच्चे को जन्म दिया। लेकिन शिशु को पेट संबंधी समस्या और संक्रमण था। इसके अलावा उसे झटके भी आ रहे थे। शिशु की गंभीर हालत देखकर

सीएचसी चोलापुर समेत चार चिकित्सा इकाइयों पर मौजूद है एनबीएसयू की सुविधा

उसकी माँ और समस्त परिवार वाले घबरा गए थे। लेकिन प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में तुरंत शिशु को एनबीएसयू में भर्ती किया गया। करीब दो सप्ताह तक चले उपचार से वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया, जिससे समस्त परिवार वालों के चेहरे पर खुशी की लहर आ गई। शिशु की नानी सुमन ने कहा कि सीएचसी पर जच्चा-बच्चा दोनों की बहुत अच्छी देखभाल की गई और बेहतर उपचार भी किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले आशा ने गृह भ्रमण के दौरान शिशु की सामान्य जांच की, जिसमें वह स्वस्थ पाया गया।

इसी तरह सीएचसी पर जन्में शिशुओं में आ रहीं चिकित्सीय व स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने कहा कि जनपद की चार चिकित्सा इकाइयों (एफआरयू) क्रमशः सीएचसी चोलापुर में चार बेड, सीएचसी अराजीलाइन में दो बेड, सीएचसी गंगापुर (पिंडरा) में दो बेड और जिला चिकित्सालय रामनगर में 6 बेड का एनबीएसयू संचालित किया जा रहा है। जन्म के उपरांत शिशु में कोई भी समस्या दिखाई देती है तो उसे तत्काल एनबीएसयू में भर्ती कर समस्त जांच व उचित उपचार किया जाता है। एनबीएसयू, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में कमी लाने के लिए बेहतर भूमिका निभा रहा है। सीएमओ ने जनमानस से अपील की है कि चिकित्सालय में प्रसव के उपरांत कम से कम 48 घंटे तक जच्चा बच्चा रुके रहें, ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर वहीं के प्रशिक्षित डॉक्टर व स्टाफ उचित उपचार कर उन्हें स्वस्थ कर सकें।

डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ एचसी मौर्य ने बताया कि एनबीएसयू का समस्त स्टाफ प्रशिक्षित है। यहाँ रेडिएंट वार्मर और फोटो थेरेपी के साथ ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर, सक्सन मशीन, लेरिंगों मशीन, ड्रिप सेट, दवा, एवं अन्य आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में समस्त चारों स्वास्थ्य इकाइयों पर संचालित एनबीएसयू में 719 नवजात शिशुओं को भर्ती कर सफलतापूर्वक उपचार किया जा चुका है, जिसमें सीएचसी चोलापुर में 499, सीएचसी अराजीलाइन में 176 एवं जिला चिकित्सालय रामनगर में 44 शिशुओं को भर्ती कर सफलतापूर्वक उपचार किया गया। इस कार्य में यूपीटीएसयू की ओर से तकनीकी सहयोग मिल रहा है।

जनपद का मिनी जिला चिकित्सालय कहे जाने वाले चोलापुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ आरबी यादव ने कहा कि सीएचसी पर एनबीएसयू वर्ष 2016 से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में यहाँ पर दो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अकांछा सिंह व डॉ संतोष सिंह यादव समेत चार स्टाफ नर्स तैनात की गई हैं। एनबीएसयू में कम वजन वाले बच्चों, प्री मेच्योर (समय से पूर्व जन्में बच्चे) या जन्म के उपरांत होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। यहाँ कंगारू मदर केयर (केएमसी) विधि, रेडिएंट वार्मर और फोटो थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है। अधीक्षक ने बताया कि रेडिएंट वार्मर, शिशु के शारीरिक तापमान को सामान्य बनाए रखने में मदद करता है। फोटो थेरेपी, पीलिया से ग्रसित बच्चों को दी जाती है। सभी उपचार पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में यहाँ 499 शिशुओं को भर्ती कर सफलतापूर्वक उपचार किया गया।

संपादकीय

दुबई संकट कुदरत से खिलवाड़ का नतीजा

संयुक्त अरब अमीरात और खाड़ी के कुछ अन्य देशों में अचानक आई भारी व असामान्य बारिश ने इंसान को तमाम सबक दिए हैं। जिन देशों को अपनी समृद्धि व संपन्नता का दंभ था, वहां आई मूसलाधार बारिश ने सारी आधुनिक व्यवस्थाएं ध्वस्त कर दी। दुनिया का सबसे ज्यादा आधुनिक व चहल-पहल वाला दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अराजकता का शिकार हो गया। सैकड़ों उड़ाने रद्द हो गईं। दुनिया के चोटी के हवाई अड्डों में शामिल जिस दुबई एयरपोर्ट में पिछले साल आठ करोड़ यात्रियों की आमद थी, एक मूसलाधार बारिश से उसकी सारी व्यवस्थाएं चौपट हो चुकी थीं। इस दौरान ओमान में 19 लोगों की मौत के अलावा अन्य देशों में भी लोगों के हताहत होने की आशंका है। बताते हैं कि अभी भी कई निचले इलाकों में बारिश का पानी भरा हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात में पिछले 75 साल बाद रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में डूबे वाहन और बारह लेन वाले हाईवे पर लगा जाम बता रहा है कि कुदरत की माया के आगे मानव का विकास अभी भी बौना ही है। फिर मध्यपूर्व के रेगिस्तानी इलाकों में मूसलाधार बारिश का होना निश्चित ही अचरज की बात है। अचानक आई इस बारिश और बाढ़ को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव कहा जा रहा है। लेकिन वहीं लोग आरोप लगा रहे हैं कि यह घटना विशुद्ध रूप से प्रकृति से मानवीय छेड़छाड़ का नतीजा है। आलोचक इस असामान्य बारिश को क्लाउड सीडिंग का नतीजा बता रहे हैं। दरअसल, कृत्रिम तरीके से बारिश कराने की कोशिश को ही क्लाउड सीडिंग कहा जाता है, जिसमें बादल में बारिश के बीज बोने के लिये कृत्रिम तरीके से प्रयास किये जाते हैं। ऐसे कुछ प्रयास यूएई में किये जा रहे थे। एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट में बताया गया है कि रविवार व सोमवार को यूएई में क्लाउड सीडिंग की योजना बनायी गई थी और मंगलवार को भयावह बाढ़ के हालात पैदा हुए हैं। आशंका जतायी जा रही है कि क्या कृत्रिम बारिश के प्रयासों के चलते यह स्थिति पैदा हुई है? बहरहाल, आने वाले वक्त के अध्ययन हमें बताएंगे कि इस आपदा के आने में क्लाउड सीडिंग की कितनी भूमिका थी। वैसे दुनिया के तमाम देशों में संकट के समय क्लाउड सीडिंग कराने के मामले सामने आते रहते हैं। किन्हीं देशों में सामरिक तो कहीं कृषि उद्देश्यों के लिये कृत्रिम बारिश का सहारा लिया जाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के चलते बदले हालात में यह संकट गहरा हो जाता है। उल्लेखनीय है कि कृत्रिम बारिश का सहारा तब लिया जाता है, जब हवा की नमी की कमी के चलते बारिश नहीं हो पाती। भारत में साठ के दशक में कृत्रिम बारिश का प्रयोग किया गया था। दरअसल, बारिश के बीजों के रूप में सिल्वर आयोडाइड, पोटेशियम क्लोराइड व सोडियम क्लोराइड जैसे पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिनका हवाई जहाज की मदद से बादलों में छिड़काव किया जाता है। इससे बर्फ के कण बादलों की नमी के साथ मिलकर बारिश होने की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं। दरअसल, आधुनिक विकास के मोह में संयुक्त राज्य अमीरात अपने व्यापारिक उद्देश्यों व नागरिकों के लिये पानी की कमी को पूरा करने के लिये इस तकनीक का उपयोग करता रहा है। ऐसे ही भारत में नब्बे के दशक में तमिलनाडु में भयंकर सूखे से निपटने के लिये क्लाउड सीडिंग तकनीक का उपयोग कई बार किया गया था। वहीं चीन ने भी बीजिंग में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के दौरान पर्यावरण प्रदूषण दूर करने के लिये क्लाउड सीडिंग तकनीक का इस्तेमाल किया था। बहरहाल, यूएई, ओमान व सऊदी अरब जैसे इलाकों में ऐसी भारी बारिश हमारे नीति-नियंताओं को विकास योजनाओं को लेकर नये सिरे से विचार करने को मजबूर कर रही है। इन देशों को अपनी सड़कों व अन्य विकास कार्यों को अब बारिश के ऐसे संकट को नजर में रखकर तैयार करना होगा। साथ ही मनुष्य को इस तथ्य को गंभीरता से स्वीकारना होगा कि प्रकृति के साथ अन्याय करने पर हमें उसका प्रतिकार सहने के लिये तैयार रहना होगा।

जा पर कृपा राम की होई।
ता पर कृपा करहिं सब कोई॥
जिनके कपट, दम्भ नहिं माया।
तिनके ह्रदय बसहु रघुराया॥

शहर का एमबीबीएस और गांव का झोलाछाप

व्यंग परिवर्तन दूत



शहर की ऊंची इमारतों वाला डॉक्टर सबको बहुत पसंद आता हैं लेकिन वही गांव का झोलाछाप डॉक्टर सबके आंखों की किरकिरी बना रहता है। यदि हम शहर के नोटछापने वाले डॉक्टर पर नजर डालें तो उनका पूरा सिस्टम इस तरह का है कि अगर मरीज ओपीडी में दिखाने जाता है तो कम से कम पांच सौ फीस जमा होती है उसके बाद ही आपको रसीद मिलता है।मरीज उस रसीद को लेकर जब आगे की पंक्ति में जाता है तो उसका बीपी चेक होता है। बीपी चेक करने वाला डॉक्टर साहब का सबसे खास कर्मचारी होता है जो डॉक्टर साहब की गाड़ी भी चलता है, घर की सब्जी भी लाता है, मेडिकल स्टोर भी संभालता है और बीपी का तो आपको पहले ही बता दिया था। डॉक्टर साहब के पास मरीज पहुंचता है तो कुछ सवाल-जवाब के बाद ही डॉक्टर साहब कम से कम दो हजार से लेकर पांच हजार तक की जांच लिख देते हैं वह भी अपने मनपसंद के पैथोलॉजी में जहां से डॉक्टर साहब को भरपूर कमीशन मिलता है।

कुछ डॉक्टरों का तो रवैया ऐसा है कि लगता है वह पहले से ही जांच लिखकर बैठे थे क्योंकि मरीज बैठता है और दो मीनट बाद ही पर्चा छपा हुआ मिल जाता है। खैर उसके बाद जाते-जाते डॉक्टर साहब कम से कम दी से तीन हजार की दवा प्रसाद के रूप में आपको लिख देते हैं। बाहर मेडिकल स्टोर पर उनका कर्मचारी सलाह देता है कि यह पंद्रह दिन की दवा है पंद्रह दिन बाद फिर आकर दिखा लीजिएगा।अब यदि उस काउंटर पर आपके पास सौ रुपये भी काम है तो आपकी हिम्मत नहीं होगी कि आप उनसे कह दे कि सौ रुपया बाद में दे दूंगा। आप कहते हैं कि दो दिन की दवा कम कर दो बाद में ले लेंगे। डॉक्टर साहब के प्रसाद की पोटली में दो-तीन चीज मुख्य रूप से रहती हैं एक प्रोटीन पाउडर, एक मल्टीविटामिन और एक कैल्शियम। प्रोटीन पाउडर तो ऐसा रहता है जिसका आपने कभी नाम भी नहीं सुना होगा। मगर एमआरपी देखेंगे तो तीन सौ से चार सौ के बीच की होती है जो कि वास्तव में डॉक्टर साहब चालीस से पचास रुपए की खरीदे होते हैं। यही हाल मल्टीविटामिन का

डॉ.वरुण उपाध्याय
संपादक - परिवर्तन दूत
दैनिक समाचार पत्र

होता है और यही हाल कैल्शियम का होता है।कुल मिलाकर छः से सात हजार खर्च करने के बाद जब आप घर पहुंचते हैं तो आधी बीमारी वैसे ही ठीक हो जाती है।यदि आप क्षमतावान है तो कोई दिक्कत नहीं होगी परंतु यदि आप शहर के गरीब हैं तो आपके लिए यह एक जटिल समस्या है। आयुष्मान कार्ड सरकार की एक अच्छी पहल है लेकिन यह पहल भ्रष्टाचार में लिप्त हॉस्पिटलों के लिए ज्यादा लाभदायक है। आज नहीं तो कल आयुष्मान कार्ड की भी वहीं दुर्दशा होगी जो बीपीएल कार्ड की हुई थी। आयुष्मान कार्ड की मॉनिटरिंग में वही कमियां हैं जो बीपीएल कार्ड में थी और इस बीपीएल कार्ड की वजह से ही आप अपने आसपास के पंद्रह साल पुराने छोटे-छोटे हॉस्पिटलों को बहुत बड़े-बड़े बहुमंजिले इमारतों में बदलते हुए देखा होगा।बीपीएल घोटाला इतना बड़ा था कि सीबीआई ने भी जांच करने से हाथ खड़ा कर दिया था। खैर वह सरकारी तंत्र जाने कि कैसे आयुष्मान कार्ड को दीघार्यु बनाना है।शहर का मरीज इसलिए परेशान है क्योंकि शहर के सरकारी डॉक्टर और सरकारी हॉस्पिटल की स्थिति में सिर्फ 10 प्रतिशत का बदलाव हुआ है बाकी समस्याएं वही जटिल और पुरानी है।आए दिन वीडियो आती है कि सरकारी डॉक्टर कहते हैं कि मैं इस नौकरी को जूते की नोक पर रखता हूं और बाहर बैठकर इससे कई गुना ज्यादा कमा सकता हूं तो इसलिए उनका एहसान तो मानना पड़ेगा पर वह यह नहीं बताते कि यहां वह मरीज को बाहर भेजने के लिए बैठे हैं।यह वही सरकारी डॉक्टर हैं जो कमीशन के चक्कर में मरीज को दूसरे प्राइवेट हॉस्पिटल या अपने पार्टनरशिप के किसी अस्पताल में भेज कर लूटते हैं।

फिलहाल अब हम बात करते हैं गांव के झोलाछाप डॉक्टर की। झोलाछाप डॉक्टर की यदि ताकत देखनी हो तो कोरोना कल की भयानक तस्वीरों को याद करिये जब बड़े-बड़े अस्पतालों में मरीज को डंडे में बाध कर दवा दी जा रही थी तब झोलाछाप डॉक्टर अपनी जान पर खेल कर खुद मरीजो को दवा उनके घर जाकर देता था। ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना का प्रभाव कम होने का एक कारण यह भी था कि झोलाछाप डॉक्टरों ने उचित समय पर उचित इलाज दिया। शहर के अस्पतालों की स्थिति यह थी कि कोविड का मरीज डायबिटिक है तो भी उसको एक कमरे में बंद करके खाने में सुबह हलवा दिया जा रहा था बिना यह जाने की उस हलवा का उसके स्वास्थ्य पर क्या असर होगा। इस तरह के तमाम उदाहरण हैं जो झोलाछाप डॉक्टर को आपात का सिपाही बताते हैं। वहीं दूसरी तरफ बात करें तो जब भी कोई गरीब व्यक्ति या गांव का व्यक्ति झोलाछाप डॉक्टर के पास जाता है तो झोलाछाप डॉक्टर सबसे पहले उसका इलाज करता है। चोट लगी हो या दवा देना हो या इंजेक्शन लगाना हो, सारे उपचार करने के बाद जब मरीज या उसके परिजन पूछते हैं डॉक्टर साहब कितना पैसा हुआ तो डॉक्टर साहब एक मीनट जोड़कर सौ या दो सौ रुपया बताते हैं। उसके बाद भी मरीज उनको पचास रुपया घटाकर लेने का आग्रह करता है जिसे मुस्कुराते हुए डॉक्टर साहब स्वीकार कर लेते हैं और कहते हैं कि ठीक है डेढ़ सौ ही दे दो। इसके बाद मरीज उनको पचास रुपया देता है और फिर उनसे समय मांगता है कि गेहूं कट जाने दीजिए, धान कट जाने दीजिए तब पैसा मिलेगा तो सौ रुपया पहुंचा देंगे और वह झोलाछाप डॉक्टर मुस्कुराते हुए सौ रुपया भूल जाता है। सोचिए जरा गांव के जिस गरीब के पास कोई गाड़ी नहीं है रात में एक बजे उसे किसी तरह का दर्द या बीमारी होती है तो क्या उसे कोई एमबीबीएस देखने जाता है। नहीं यही झोलाछाप डॉक्टर अपनी बाइक से रात में एक बजे उनके घर जाकर उनका इलाज करता है। मेरी इस बात पर कुछ विद्वान तर्कशास्त्री 112 नंबर और अन्य सरकारी एंबुलेंस की सुविधाओं का हवाला देंगे पर मैं उनको बताना चाहता हूं कि क्या हर छोटी बीमारी के लिए 112 नंबर को फोन किया जाता है जी नहीं अधिकांश लोग इसी झोलाछाप को गले लगा कर यमराज से दूरी बनाते हैं।

जरूरत है तो इस बात की कि सरकार इस तरह के लोगों को कोई प्रशिक्षण देकर यह अधिकार दे कि यह नर्सिंग स्टाफ की हैसियत से अपना काम कर सकें। यही झोलाछाप डॉक्टर पत्रकारों के भी निशाने पर होते हैं जिनकी खबरें अक्सर हमें मीडिया में पढ़ने को मिलती है।मरीज के साथ कोई दुर्घटना किसी भी बड़े अस्पताल में हो सकती है और किसी झोलाछाप के यहां भी हो सकती है।यदि दुर्घटना झोलाछाप के यहाँ हो तो ज्यादा गुस्सा आता है परंतु वही दुर्घटना जब किसी एमबीबीएस डॉक्टर से होता है तो लोगों को लगता है की डॉक्टर साहब ने अपना प्रयास तो किया।यह तुलना समझ में नहीं आती फिलहाल आवश्यकता है तो इस बात की कि आयुष्मान कार्ड को दीघार्यु किया जाए और झोलाछाप डॉक्टर को प्रशिक्षण देकर स्थाई किया जाए। ऐसी नौबत ना आए की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और पत्रकारों को देखकर सटर गिरा कर झोलाछाप डॉक्टर भाग जाएं।

आज का राशिफल

मेष- चिरवांछित कार्यों में सफलता, शारीरिक सुख, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, 'बकाए धन की प्राप्ति का सुयोग, अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त।

वृषभ- निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, योजना अपूर्ण, अपव्यय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान।

मिथुन- समय बेहतर, नवयोजना दृष्टिगत, वैमनस्यता का समापन, शेष समय में दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, समस्याओं से चिन्तित।

कर्क- बुद्धि चातुर्य से कुछेक कार्यों में अनुकूलता, नौकरी में पदोन्नति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन में मधुरता, आवागमन में सफलता, लाभ भी।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, समस्या का संतोषजनक समाधान, प्रियजनों से अनुकूलता, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता।

कन्या- प्रतिकूलता प्रभावी, व्यापारिक पक्ष से चिन्तित, वाहन से भय, शेष समय में अधूरे कार्य प्रगति पर, आर्थिक लाभ, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क ।

तुला- किसी योजना का श्रीगणेश, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में स्वास्थ्य प्रभावी, पठन-पाठन में अरुचि, लाभ का मार्ग अवरुद्ध ।

वृश्चिक- अधूरी या नवयोजना पर कार्यारम्भ संभव, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पादित, स्वास्थ्य सुधार पर, आपसी वैमनस्यता का समापन, यात्रा सुखद।

धनु- स्वयं का लिया गया निर्णय हितकर, अधूरी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, धन संचय में प्रवृत्ति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

मकर- प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, कष्ट भी, शेष समय में उलझनों में कमी, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक ।

कुम्भ- शुभ परिवार में मंगल आयोजन, मित्रों से सहयोग, मेल-मिलाप में रुचि, शेष समय विपरीत, मनोबल में कमी, कठिनाइयों से तनाव ।

मीन- मनोभिलाषित योजना में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, बकाये धन की प्राप्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, व्यक्तिगक जीवन में उपलब्धि।

मशीनें न बन जाएं हमः क्यों परेशान थे लोकेशजी

पार्क में अकेले उदास बैठे वृद्ध अंकल से नेहा की औपचारिक बातचीत जल्दी ही आत्मीयता में बदल गई। दोनों की दोस्ती ने उन लोगों को भी आपस में मिला दिया जो पास होते हुए भी एकदूसरे से अनजान थे।

गतांक से आगे...

मक्की की रोटी के साथ सरसों का साग उस दिन ज्यादा ही स्वादिष्ट लगा। देखिए न आंटी, आप का घर इस ब्लौक में और हमारा उस ब्लौक में। 2 साल हो गए हमें यहां आए। आप तो शायद पिछले 5 साल से यहां हैं। कभी मुलाकात ही नहीं हुई। यही तो आज की पीढ़ी को मिल रहा है बेटा, अकेलापन और अवसाद। मशीनों से घिर गए हैं हम। जो समय बचता है उस में टीवी देखते हैं या लैपटौप पर दुनिया से जुड़ जाते हैं। इंसानों को पढ़ना अब आता किसे है। न तुम किसी को पढ़ते हो न कोई तुम्हें पढ़ता है। भावना तो आज अर्थहीन है। भावुक मनुष्य तो मूर्ख है। आज के युग में, फिर शिकवा कैसा। अपनत्व और स्नेह अगर आज दोगे नहीं तो कल पाओगे कैसे? यह तो प्रकृति का नियम है। जो आज परोसोगे वही तो कल पाओगे। चुपचाप सुनती रही नेहा। सच ही तो कह रही हैं शोभा आंटी। नई पीढ़ी को यदि अपना आने वाला कल सुखद और मीठा बनाना है तो यही सुख और मिठास आज परोसना भी पड़ेगा वरना वह दिन दूर नहीं जब हमारे आसपास मात्र मशीनें ही होंगी, चलतीफिरती मशीनें, मानवीय रोबोट, मात्र रोबोट।

शोभा आंटी बड़ी प्यारी, बड़ी ममतामयी सी लगीं नेहा को। मानो सदियों से जानती हों वे इन्हें। वह शाम बड़ी अच्छी रही। लोकेश और शोभा देर तक नेहा और उस के पिता से बातें करते रहे। उस समय जब शायद नेहा का जन्म भी नहीं हुआ था तब दोनों परिवार साथसाथ थे। नेहा की मां अपने समय में बहुत सुंदर मानी जाती थीं। मेरी मम्मी बहुत सुंदर थीं न? आप ने तो उन्हें देखा था न? क्यों, क्या तुम ने नहीं देखा? बहुत हलका सा याद है, मैं तब 7-8 साल की थी। जब उन की रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मैं उन की गोद में थी। वे चली गईं और मैं रह गई, यह देखिए उस दुर्घटना की निशानी, माथे पर गहरा लाल निशान दिखाया नेहा ने। मां के हाथ की चूड़ी धंस गई थी उस के माथे की हड्डी में। वह आगे बोली, पापा ने बहुत समझाया कि प्लास्टिक सर्जरी करवा लूं, यह दाग अच्छा नहीं लगता। मेरा मन नहीं मानता। मां की निशानी है न, इसे कैसे मिटा दूं। नेहा का स्वर भीग गया। मेज का सामान उठातेउठाते शोभा के हाथ रुक गए। प्यारी सी बच्ची माथे की चोट में भी मां को पा लेने का सुख खोना नहीं चाहती। वह दिन बीता और उस के बाद न जाने कितने दिन। पुरानी दोस्ती का फिर जीवित हो जाना एक वरदान सा लगा नेहा को। अब उस के पापा पहले की तरह उदास नहीं रहते और लोकेश अंकल भी उदास से पार्क की बैंच पर नहीं बैठते। मानो नेहा के पास 3-3 घर हो गए हों। औफिस से आती तो मेज पर कुछ खाने को मिलता। कभी पोहा, कभी ढोकला, कभी हलवा, कभी इडली सांबर। पूछने पर पता चलता कि लोकेश अंकल छोड़ गए हैं। कभी शोभा आंटी की बाई छोड़ गई है। खापी कर पार्क को भागती मानो वह तीसरा घर हो जहां

लोकेश अंकल इंतजार करते मिलते। वहां से कभी इस घर और कभी उस घर। लोकेशजी के दोनों बेटे अमेरिका में सैटल हैं। उन की भी दोस्ती हो गई है नेहा से। वीडियो चैटिंग करती है वह उन से। शोभा आंटी उस की सखी भी बन गई हैं अब।

वे बातें जो वह अपनी मां से करना चाहती थी, अब शोभाजी से करती है। जीवन कितना आसान लगने लगा है। उस के पापा भी अब उस जहान में जाने की बात नहीं करते जिस का किसी को पता नहीं है। ठीक है जब बुलावा आएगा चले जाएंगे, हम ने कब मना किया। जिंदा हो गए हैं तीनों बूढ़े लोग एकदूसरे का साथ पा कर और नेहा उन तीनों को खुश देख कर, खुशी से चूर है। क्या आप के पड़ोस में कोई ऐसा है जो उदास है, आप आतेजाते बस उस का हालचाल ही पूछ लें। अच्छा लगेगा आप को भी और उसे भी।

जब नेताजी होगये भावुक

जनसभा यदि छोटी जगह पर हो तो ऐसा संभव हो भी जाता है। काफी लोग बिना नहाए धोए, गंदे कपड़ों में, बिना हाथ धोए ही मंत्रीजी के गले पड़ जाते हैं और हाथ भी मिलाते हैं। मंत्रीजी बुरा नहीं मान सकते । माहौल में चुनाव की जबर्दस्त चहक घुली हुई होती है। अधिकतर नेताओं को नेताजी पुकारना, मुझे अच्छा नहीं लगता लेकिन बहुत सी गलत परम्पराएं जारी रखनी पड़ती हैं। खैर, नेताजी जो पिछले चुनाव में जीतकर मंत्रीजी हो गए थे उन्हें अपने क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आए पांच साल हो गए थे। चुनाव फिर आ गया तो फिर से उम्मीदवार घोषित होने के बाद पहली बार अपने क्षेत्र के उदास हिस्से में पहुंचे। चुनाव में जन मिलन कार्यक्रम होना ही था, आयोजित हुआ। लोगों की भीड़ तो वैसे भी हमारे यहां बढ़ती जा रही है। लोगों के पास कुछ और करने के लिए था नहीं सो उस दिन भी खूब भीड़ उमड़ी। मंत्रीजी को देखने या लोगों द्वारा उनके गले लगने का आनंद अनूठा होता है। चुनाव में तो मंत्रीजी को वैसे भी हर किसी को गले लगाना पड़ता है।

जनसभा यदि छोटी जगह पर हो तो ऐसा संभव हो भी जाता है। काफी लोग बिना नहाए धोए, गंदे कपड़ों में, बिना हाथ धोए ही मंत्रीजी के गले पड़ जाते हैं और हाथ भी मिलाते हैं। मंत्रीजी बुरा नहीं मान सकते। माहौल में चुनाव की जबर्दस्त चहक घुली हुई होती है। उन्होंने अपने हाथ उठाकर भाषण शुरू करते हुए कहा, आज, यहां वे वैसे ही आए हैं जैसे कई साल पहले आते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे यहां बुजुर्गों, बहनों, भाइयों और बच्चों तक के नाम, परिवार समेत और उनके काम से जानते हैं। उनकी समस्याओं से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। वास्तव में यह बात देश का बच्चा बच्चा समझता मानता है कि बड़े लोगों का तो आम आदमी की समस्याओं से वाकिफ होना ही काफी होता है।

उन्हें मंत्रीजी सुनना ही पसंद है, इसलिए पूर्व मंत्रीजी या उम्मीदवारजी नहीं कह सकते।

आम तौर पर ज्यादातर लोग उनके नाम के साथ जी नहीं लगाते। खैर, उन्होंने फिर हाथ उठाकर कहा कि समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने संजीदा अभिनय के साथ कहा तो लगा, कभी न कभी तो समाधान हो ही जाएगा। अभी समाधान होना समस्या है, एक दिन समस्या खुद ही समाधान हो जाएगी। नेताजी सोच तो रहे होंगे कि बार बार उसी मुश्किल काम के लिए कहा जाता है। वे भी इंसान हैं। इतनी जातियों, सम्प्रदायों और धर्मों के लोगों को एक जुट करना, युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना टेढ़े काम हैं। सब जानते हैं कि भविष्य बताने वालों का भविष्य भी कोई सुधार नहीं सकता। बिगड़ते वातावरण में, पर्यावरण सुधारने के लिए जल, जंगल और जमीन बचाने जैसी असंभव सी बातें करनी पड़ती हैं। कहने वाले, सुनने वाले सब जानते हैं, जब तक नेताजी फिर से चुनाव जीतकर विधायक नहीं हो जाते कुछ कहना बेकार है। मंत्रीजी जाते हुए सोच रहे थे कि उनका आज का अभिनय ठीक रहा।

लापरवाही पर प्रधानाध्यापिका और सचिव पर कार्रवाई का निर्देश

उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बूथों का किया निरीक्षण

परिवर्तन दूत

साकलडीहा,चांदौली। सकलडीहा,चंदौली। जिले में लोकसभा चुनाव आगामी एक जून को होने को है। इस क्रम में एआरओ अनुपम मिश्रा शुक्रवार को तहसीलदार और जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ आधा दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई बूथों पर शौचालय, पानी,सहित अन्य समस्या होने पर संबधित बूथ के सचिव और प्रधानाध्यापिका के खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाई का निर्देश दिया। एआरओ के सख्त निर्देश पर विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गयी है।

एआरओ अनुपम मिश्रा शुक्रवार को तहसीलदार और जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ तेन्दुईपुर, सकलडीहा कंपोजिट, ईटवा,टिमिलपुर और दुगार्पुर बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तेन्दुईपुर बूथ पर बिजली की तार लटकते हुए मिला। इसके साथ शौचालय की साफ सफाई ठीक नही होने व हैंडपंप नही चलने पर निर्वाचन अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबधित लापरवाह जिम्मेदार के खिलाफ एफआईआर कराने का चेतावनी दिया। इसके अलावा सकलडीहा कंपोजिट विद्यालय पर ईट को ढ़ेर होने व गंदगी का अंबार होने पर नाराजगी जताया। इसके अलावा ईटवा में बाउंड्री नही होने पर नाराजगी जताया।

अंत में तेन्दुईपुर के सचिव और कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापिका के खिलाफ संस्पेशन की कार्रवाई के लिये बीडीओ और बीईओ को निर्देशित किया। चेताया कि किसी भी बूथ पर कागजों में कोरमपूर्ति करने पर संबधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जायेगा। एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन बूथों का निरीक्षण किया जायेगा। लापरवाही पर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगा। इस मौके पर तहसीलदार राहुल सिंह,जोनल मजिस्ट्रेट प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय,बीडीओ केके सिंह, बीईओ अवधेश कुमार राय,नायब तहसीलदार अमित सिंह,शाकिब अली सहित अन्य रहे।

भद्राचार्य महाराज का शिष्यो ने लिया आशीर्वाद

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम के समीप सामाजिक धार्मिक व्यक्ति बिहारी लाल केशरवानी के आवास पर जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज का दर्शन कर भक्तों ने आशीर्वाद लिया। गुरुवार को जगतगुरु शंकराचार्य महाराज अपने प्रिय शिष्य रामचन्द दास जी महाराज के भाई की शादी में सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए गोपीगंज पहुचे जहा नगर के प्रमुख व्यापारी बिहारीलाल केशरवानी के बड़े शिव मार्ग स्थित आवास पर कुछ देर विश्राम किया। जगतगुरु श्री महाराज के पहुचते ही जय श्री राम के उद्घोष के साथ वातावरण राममय हो गया। इस दौरान श्री महाराज के आने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुचे श्रद्धालु भक्तों ने श्री महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपजिलाधिकारी जौनपुर ज्ञानप्रकाश यादव, दीपक, राधेश्याम, बाबा, संजय, आनन्द पाण्डेय, सचितानन्द, आकाश अग्रवाल, पवन आदि रहे।

दो बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

परिवर्तन दूत

सकलडीहा, सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के कम्हारी व शिवपुर गांव के सरहद पर शक्रवार को दोपहर में किसानों की गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारण से आग लगने से धूधूं कर जलने लगा। अगलगी की घटना से अलर्ट किसान लाठी डंडा लेकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जबतक आग की लपट कमा होता तब तक किसानों की दो बीघा फसल जलकर खाक होगया। घटना को लेकर किसान परेशान है। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

कम्हारी गांव के निवासी किसान देवेंद्र यादव,तुलसी राम,बेचन का लगभग दो बीघा गेंहू की खड़ी फसल में अचानक अज्ञात कारण से आग लगने पर धूं धूंकर जलने लगा। गनीमत रही कि समय रहते किसानो ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। नही तो तेज धूप व हवा के कारण आग अन्य खेतों को भी अपनी जद में ले लेती। किसानों का कहना था कि आग कैसे लगे पता नही चला। किसानों ने बताया कि परिवार का एक साल तक भरण-पोषण इन्ही फसलों से होना था।अब खाने को लेकर संकट हो गया। वही सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नही पहुँच पाई। बताया कि फसल से काफी उम्मीद थी। लेकिन आग से इसपर पानी फिर गया। इनलोगो ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है। इस बाबत तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि राजस्व टीम के माध्यम से जले हुए फसलों का आंकलन कर पीड़ित किसानों को शीघ्र सहयोग दिया जायेगा।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय शत प्रतिशत रहे योगदान

प्राचार्य ने नवागत प्रबधंक समिति के पदाधिकारी का किया स्वागत

परिवर्तन दूत

साकलडीहा,चांदौली। सकलडीहा पीजी कॉलेज में शुक्रवार को नवागत प्रबंध कमेटी का महाविद्यालय प्रशासन की ओर से स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंध कमेटी ने विद्यालय का निरीक्षण कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शत प्रतिशत भागीदारी निभाने का अपील किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित अन्य मौजूद रहे।

सकलडीहा पीजी कॉलेज के नवागत प्रबंधक राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का बहुत ही प्राचीन विद्यालय है। यहां के छात्र छात्रों के साथ शिक्षकों ने महाविद्यालय का गरिमा को बढ़ाया है। प्रबंध कमेटी के लोगों ने भारत निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने का अपील किया। अंत में महाविद्यालय के विकास में पूर्ण सहयोग का भरोशा दिया। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय सहित शिक्षकों ने प्रबंध कमेटी का बुके व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर अमित कुमार शर्मा, कमलापति पांडेय,बच्चा यादव, अनिल कुमार,राजेंद्र यादव, हरि मोहन पाठक,विजय कुमार, राजू शर्मा सहित प्रोफेसर पीके सिंह, प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह, प्रोफेसर विजेंदर सिंह, प्रोफेसर एमपी सिंह, प्रोफेसर समीम राईन,अजय कुमार यादव, डॉ अभय कुमार वर्मा, डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ मनीष राय ,डॉक्टर वंदना दीपक दुबे,रविंद्र नारायण सहित अन्य रहे।

950 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अहरौरा, मिर्जापुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए दिन शुक्रवार को दिलीप कुमार गुप्ता इमलिया चट्टी चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में गश्त के दौरान थाना अहरौरा क्षेत्र सरसवां गांव के पास से 950 अवैध गांजा के साथ तस्कर पनारू उर्फ पन्नू पुत्र कल्लू निवासी सोनपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चेकिंग गस्त कर रहे थे तभी एक व्यक्ति संदिग्ध व्यक्ति झोला लेकर जा रहा था रोककर चेकिंग की गई तो झोले में रखा हुआ 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर तस्कर को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

नाले पर से हटाया गया अतिक्रमण

सभासद ने की थी शिकायत

परिवर्तन दूत

भदोही। भदोही नगर पालिका परिषद द्वारा जेसीबी मशीन लगवाकर शुक्रवार को नगर के वार्ड 28 जमुंद में कुछ व्यक्तियों द्वारा नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया दिया गया। जेसीबी मशीन से नाले की साफ-सफाई कराई जा रही है। ताकि बरसात के मौसम में जल निकासी को लेकर कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। जलनिकासी की समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के जमुंद वार्ड के बोलियां मोहल्ले से घमहापुर तक नाले का निर्माण कराया गया है। इस नाले से 10 मोहल्लों के पानी का निकाली होता है। जमुंद वार्ड के बौलिया मोहल्ले में कुछ लोगों द्वारा इस नाले पर अतिक्रमण कर लिया गया था। अतिक्रमण यूं ही बरकरार रहता तो बारिश के दिनों में 10 मोहल्लों में जलनिकासी की भयंकर समस्या उत्पन्न हो जाती।

वार्ड के सभासद गुलाम हुसैन संजरी द्वारा इसकी शिकायत अधिशासी अधिकारी से की गई थी। ईओ पिछले दिनों स्थलीय निरीक्षण

कर कहा था कि शीघ्र ही नाले से अतिक्रमण को हटवाकर उसकी साफ-सफाई कराई जाएगी। ताकि बरसात के मौसम में जल निकासी की समस्या उत्पन्न न होने पाए। अगर अतिक्रमणकारियों द्वारा अपने अतिक्रमण को हटाने को लेकर विरोध किया गया तो पुलिस फोर्स लेकर नाले से अतिक्रमण को हटवाए जाएंगे। आज नपा के कर्मचारी जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। जहां सभासद गुलाम हुसैन संजरी और उनके पुत्र फकरे आलम संजरी ने नाले पर से अतिक्रमण को हटाते हुए मलबा साफ कराया गया। नगर के वार्ड संख्या 28 जमुंद के सभासद गुलाम हुसैन संजरी ने बताया कि इस वार्ड में यह एक ऐसा नाला है। जिससे 10 मोहल्ले का पानी पास होता है। कुछ आसमाजिक तत्वों उस नाले में मलबा फेंककर अतिक्रमण कर लिया गया। वहीं नाले को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया गया है। इसकी शिकायत नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से की गई थी। उनके द्वारा अतिक्रमण को हटवाने के साथ ही साथ नाले से मलबा निकलवाने के बाद उसकी साफ-सफाई कराई जा रही है।

मतदान करने का लिया गया संकल्प

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा भदोही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अपना तथा अपने परिजनों का मताधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु संकल्प लिया तथा अपने साथ अपने माता-पिता एवं परिजनों के अन्य सदस्यों को अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के लिए संकल्प पत्र प्राप्त किया.यह संकल्प पत्र.. संकल्प पत्र का वितरण के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार आर्य और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीश कुमार उपाध्याय ने किया.. इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रोफेसर आर पी यादव, प्रोफेसर बल्केश्वर प्रजापति, डॉक्टर विकास चंद्र, डॉक्टर विपुल, डॉक्टर श्रीमती सिंह,डॉक्टर मोनिका सरोज एवं भारी संख्या में छात्र भी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरे...

उम्र अट्ठारह पूरी, मतदान करना जरुरी

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरों। कंपोजिट विद्यालय सारीपुर ज्ञानपुर भदोही में डिस्ट्रिक्ट स्वीप आईकॉन अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा आन बान और शान से देश बड़े मतदान से, मम्मी पापा भूल न जाना वोट देने जरूर जाना इत्यादि नारे लगाते हुए गांव में भ्रमण कर सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें जागरूक किया गया इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र सिंह मनोज कुमार यादव मनोरमा शर्मा शिविका लता एवं अनिता श्रीवास्तव साथ-साथ भ्रमण करते हुए बच्चों का उत्साह बर्धन किया।

विवाद में मारपीट एक पक्ष ने दर्ज कराया मुकदमा

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो ।गोपीगंज कोतवाली कौलापुर मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई 'इस मामले में एक पक्ष ने मुकदमा कायम कराया है। जगापुर पड़ान निवासी विनय कुमार पांडेय ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका भतीजा कौलापुर मे उपाध्याय टी स्टाल पर चाय पीने के लिए रुका था' जब वह गाड़ी का गेट खोल रहा था इस बीच सुजात सुजातपुर निवासी कुछ लोग लाठी डंडा हाकी लेकर पहुच कर उनके भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया' बताया कि पूर्व विधायक के करीबी लोग आए दिन मारपीट करते रहते हैं, पुलिस तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर लिया है।

नाबालिग गायब, मां ने दर्ज करायी रिपोर्ट

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने मे तहरीर देकर अवगत कराया कि 12 अप्रैल को बिना बताए घर से कही चली गई। पास पड़ोस रिश्तेदारी सहित हर जगह खोजबीन की गई लेकिन पता नही चला। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा कायम कर मोबाईल नंबर को सर्विसलांस पर लगा कर जांच पड़ताल मे जुट गई है।

घास काटने पर मारपीट, मुकदमा कायम

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के चंद्रपुरा पसियान बस्ती में गुरुवार को सायंकाल हुई मारपीट में अमन तिवारी घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता कि गुरुवार को सायंकाल अमन तिवारी भिण्डी के खेत मे घास उखाड रहे थे।इस बीच बस्ती के कुछ लोग खेत मे पहुच कर मारपीट शुरू कर दी' थाने मे नामजद तहरीर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया' उनकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर लिया है।

वृद्धा को लाठी से प्रहार कर किया घायल

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। ऊंच थाना क्षेत्र के मुगरहा गांव मे गुरुवार की रात कपीला देवी 65 वर्ष को उनका पड़ोसी लाठी से प्रहार कर घायल कर दिया। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि गांव निवासी रामआज्ञा की पत्नी कपीला देवी पड़ोसी के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम मे शामिल होने जा रही थी रास्ते में छिपा युवक लाठी से प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

गुमटी मे लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर घाट पर बुधवार की रात चायपान की गुमटी मे आग लग जाने से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव निवासी विनय वर्मा घाट की सीढ़ी के पास गुमटी मे चायपान, शीतलपेय आदि की दुकान ख। देर रात अबूझ हाल मे उसकी गुमटी मे आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रुप धारण कर लिया, जब तक आग बुझाने का प्रयास किया जाता तब तक गुमटी सहित उसमे रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। विनय ने थाने में तहरीर देकर घटना की जानकारी दी' बताया कि आगलगी की घटना मे लगभग पचास हजार का सामान जल गया।

गेहूं की फसल से बनाया निर्वाचन आयोग का चिह्न

मिर्जापुर। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत शुक्रवार को नगर के पिपराडांड स्थित कृषि विभाग के परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली निकालकर मतदाताओं से आग्रह किया गया कि वे एक जून में जिले में होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी का मतदान करना अति आवश्यक है। हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली पिपराडांड़ से शुरू होकर चक्रमण करते हुए विसुंदरपुर स्थित आदर्श इंटर कालेज पर समाप्त हुई। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने रास्ते में मिलने वाले हर नागरिकों अथवा व्यक्तियों से एक जून को होने वाले मतदान में अपना मतदान करने का आह्वान किया।

पुलिस बल के ठहरने के स्थान का निरीक्षण हुआ

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा आरपी सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिजार्पुर व डॉ मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही, डॉ. तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही व क्षेत्राधिकारीगण के साथ केन्द्रीय पुलिस बल के ठहराव हेतु निर्धारित विद्यालय-केशव प्रसाद राल्ही पीजी कॉलेज औराई का स्थलीय निरीक्षण,भौतिक सत्यापन किया गया। विद्यालयों पर समुचित व्यवस्था हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बाबा 11 बजे तक बंद कर दें स्कूल!

बच्चों ने मुख्यमंत्री ले लगायी गुहार

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। भदोही जिले के अधिकांश कॉन्वेंट, नर्सरी के स्कूल का बंद होने का टाइम डेड बजे दिन व 2 बजे दिन तक रहने पर छोटे व बड़े बच्चे लू के चपेट में आ जा रहे हैं। जिससे बुखार से पीड़ित होकर इलाज करने के लिए विवश है। वहीं बच्चे अपने मुंह से बाबा को गुहार लगाते हुए कहा कि बाबा स्कूल बंद होने का टाइम 11 बजे तक करने की मांग की है। ताकि लू से बच सके। मालूम हो कि इन दोनों भीषण गर्मी के चलते तापमान 42 डिग्री से ज्यादा चल रहा है ।वही बच्चों के स्कूल का बंद होने का टाइम डेढ़ से 2 बजे होने से बच्चे स्कूल बंद होने पर निकलते हैं। तो भीषण गर्मी व लू के चपेट में आ जा रहे हैं। जिससे जिससे बच्चों को बुखार हो जा रहा है। अभिभावक भी इलाज करने में परेशान है ।छोटे बच्चे को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। छोटे बच्चों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी से गुहार लगाई की बाबा जी स्कूल का टाइम 11 बजे तक बंद करने का आदेश जारी कर दे ताकि बच्चे लोग की चपेट में आने से बच जाए। बच्चों ने कहा कि हम लोग ठीक रहेंगे तभी तो माता-पिता मतदान कर सकेंगे।

बिना नंबर प्लेट व गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर रखी जा रही पैनी नजर

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। जनपद में स्थित बैंकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा बैंकों व उसके आसपास सघन चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना व चौकी प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक, पोस्ट ऑफिस, ग्राहक सेवा केंद्र व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बैंकों में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं या नही, शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी।

थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख प्वाइंटों पर संदिग्धों को चिन्हित करते हुए बैरियर लगाकर संदिग्ध बाइक सवारों व वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है। दौरान चेकिंग वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर सम्बन्धित के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। बिना नंबर व गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। बैंक डयूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक डयूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।

आटो बाइक की टक्कर मे दो घायल

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज थाना क्षेत्र के झिलियापुल के पास गुरुवार की रात आटो व बाइक की टक्कर मे आटो सवार आदित्य शुक्ला 14 वर्ष व बाइक सवार आदित्य मिश्र 28 वर्ष घायल हो गए। घायलो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऊज थाना क्षेत्र के बीरमपुर निवासी श्याम शुक्ला की पत्नी नेहा शुक्ला अपनी पुत्री ईसू व पुत्र आदित्य शुक्ला के साथ अपने मायके ऊज मुगरहा आयी थी। गुरुवार को वह कपड़ा खरीदने के लिए गोपीगंज पहुची जहा से खरीदारी कर आटो से वापस मुगरहा जा रही थी। रास्ते मे पड़ाव पर आटो का सी एन जी खतम हो गया। चालक राग साइड से आटो लेकर गोपपुर जा रहा था झिलियापुल के पास सामने से आ रहे बाइक सवार आटो से टकरा गया। घटना मे सियूर औराई से जगापुर जा रही बाइक सवार आदित्य मिश्रा व आटो सवार आदित्य शुक्ल जहा घायल हो गए। घटना के बाद चालक आटो छोड़ कर मौके से भाग निकला।

एडीजी ने आचार संहिता के शत-प्रतिशत अनुपालन दिए गए व्यापक निर्देश

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी द्वारा पुलिस कार्यालय व पुलिस लाईन की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी के आगमन पर सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी दी गई। इसके उपरांत महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित आगुन्तक कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी की गई। प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आईजीआरएस कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय पुलिस अधीक्षक भदोही, पेशी कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखा, रिट सेल, मानवाधिकार शाखा, पासपोर्ट शाखा, साइबर हेल्प सेन्टर आदि शाखाओं एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा शाखाओं में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनके कार्यों की जानकारी की गयी तथा सभी अधिकारी,कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने तथा कार्यालय रिकॉर्ड को दुरस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। शाखाओं के अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया गया तथा साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान श्री आरपी सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिजार्पुर व डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक, डॉ. तेजवीर सिंह, क्षेत्राधिकारीगण व समस्त शाखा प्रभारी व शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

निरीक्षण करने के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस लाईन स्थित सभागार कक्ष में श्रीमान् जिलाधिकारी भदोही व जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना,शाखा प्रभारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत की गई तैयारियों व पुलिस कार्यवाही के संबंध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा शराब, खनन, गौकश/गौतस्कर, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करों आदि के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो में संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही तथा गैंगस्टर अधि के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने तथा जनपद मे खनन, शराब, गौकश/गौतस्करों, भूमाफियाओं तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

परिवर्तन दूत

अखिलेश के बयान पर पारसनाथ का पलटवार

बोले- मेरी पोस्ट पर यादव वंश को गुमराह करने का कर रहे हैं प्रयास, मैने चाणक्य द्वारा समाप्त नंदवंश का किया था जिक्र

गाजीपुर। करंडा के वीरापाह भटौली स्थित लाला बाबा मंदिर पर कार्यकताओं के साथ लोकसभा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मैने सुना था कि वो विदेश से पढ़ कर आये हैं लेकिन पिछले दिनों नंदवंश पर दिये गये मेरे बयान पर, एक्स पर उनका पोस्ट देखा। उन्होंने मेरे पिछले बयान एक्स पर पोस्ट कर यादव वंश को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्हें इतना भी ज्ञान नहीं है कि चाणक्य द्वारा समाप्त किया गया नंदवंश कलयुग में ईसापूर्व था और भगवान कृष्ण युगों पहले द्वापर युग में थे।

जबकि मैने दुष्ट और पिता के हत्यारे नंदवंश के शासक घनानंद का उदाहरण दिया था। बताते चलें कि घनानंद मगध का एक दलित शासक था जो बहुत क्रूर और निर्दयी था और उसने अपने पिता की हत्या कर दी थी। बैठक को सम्बोधित करते हुए पारसनाथ राय ने कार्यकताओं से कहा कि मैं संघ का सिपाही हूं मैने कभी पद के लिए काम नहीं किया, हमारे आदर्श पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी हैं। हम एक देश एक विधान और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान करने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाले हैं। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष उमेश दूबे, वरिष्ठ नेता अमरेश गुप्ता, स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष डॉ देवेश सिंह,अवधेश दूबे, पूर्व प्रवक्ता करंडा इण्टर कालेज शेषनाथ सिंह व जसवंत सिंह, सौरभ दूबे, हरेन्द्र यादव, पवंजय पांडेय, दारा सिंह, राणा सिंह, दिनेश सिंह, चंद्रकेश तिवारी, संजय सिंह, विक्की राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खाद्य विभाग एक्टिव जांचे 353 नमूने

मऊ। जनपद में खाद्य विभाग द्वारा बाजार में बेहतर खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 23-24 यानी अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कुल 361 नमूने लिए गए। जिसमें से अब तक 353 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। इस रिपोर्ट के अनुसार 204 नमूने फेल पाए गए हैं, जिनमें 47 नमूने ऐसे हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक की श्रेणी में आते हैं। वहीं साल भर में विशाल मेगा मार्ट पर सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लाख का जुमार्ना किया गया है। खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त सुरेश मिश्रा ने दैनिक भास्कर से बात करते हुए बताया कि विभाग द्वारा लगातार यह प्रयास किया जाता है कि बाजार में लोगों को खरीदारी करते समय बेहतर से बेहतर खाद्य सामग्री मिल सके। जिसके लिए समय-समय पर विभाग द्वारा अभियान चला कर छापेमारी की जाती है और नियमित जांच की प्रक्रिया भी जारी रहती है।

बगैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कसेगा शिकंजा

बेसिक शिक्षा विभाग ने शुरू की कवायद, लगेगा एक लाख तक का जुर्माना

बलिया। जिले में बगैर मान्यता या मापदंडों के विपरित चल रहे स्कूलों पर शिकंजा कसने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। ऐसे स्कूलों पर एक लाख तक जुमार्ना लग सकता है। बीएसए (बेसिक शिक्षा अधिकारी) ने सभी बीईओ को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

बिना मान्यता नहीं संचालित होगा स्कूल : बीएसए मनीष कुमार सिंह ने गुरूवार को सभी बीईओ को पत्र लिखकर बताया है कि छह से 14 साल के बच्चों की शिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा परिषदीय प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल चलाये जा रहे हैं। इसके अलावा सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, मान्यता प्राप्त प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल संचालित हैं। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम में स्पष्ट है कि बिना मान्यता के कोई स्कूल संचालित नहीं किया जा सकता। बीईओ को निर्देश दिया है कि वह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई स्कूल बगैर मान्यता नहीं चल रहा है।साथ ही मान्यता की शर्तों के उल्लंघन पर मान्यता वापस ले ली जाये।

होगी कार्रवाई : उन्होंने अवगत कराया है कि बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों पर एक लाख तक जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता के स्कूल संचालित करता है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई का भी प्राविधान है। सभी बीईओ को बीएसए ने संबंधित प्राविधानों के अनुसार बगैर मान्यता के या मान्यता के विपरित चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई करके तत्काल सूचना उपलब्ध कराने को कहा है।

बीईओ से मांगी गई सूचना : बीएसए ने सभी बीईओ से कार्यावाई के बाद बन्द कराये गये विद्यालयों का नाम,बंद कराये गये विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की संख्या,बंद कराये गये विद्यालय के छात्रों को निकट के किसी विद्यालय में प्रवेश कराया गया उसका नाम ,अमान्य विद्यालय से सम्बन्धित कितने विद्यालयों पर जुमार्ना लगाया गया उनके नाम सहित सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

35 कर्मचारी चुनाव प्रशिक्षण में मिले गैरमौजूद , कार्रवाई

जौनपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर टीडी इंटर कॉलेज में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 35 अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम गैरमौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश दिया की अनुपस्थिति मतदान कर्मियों के खिलाफ चुनाव में बाधा उत्पन्न करने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई जाए। टीडी इंटर कॉलेज के 27 कक्षा में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। 2200 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रथम पाली में 15 मतदान अधिकारी गैरमौजूद रहे तो द्वितीय पाली में 20 मतदान अधिकारी गैरमौजूद रहे। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 20 व जिला विद्यालय निरीक्षक से 14 एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एक कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित मतदान कर्मियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधि कार्रवाई की गई।

स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई बाइक रैली

मऊ। लोकसभा चुनाव को लेकर घोसी लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का प्रयास लगातार जारी है। जिसके क्रम में जनपद के विभिन्न स्थानों पर कई मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम संचालित किए गए। इसी के साथ जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना, लोगों को मतदान के लिए अपील

सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारों के साथ जिलाधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षकों की बाईक रैली को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र ने सोनीधापा बालिका इंटर कॉलेज से कलेक्ट्रेट परिसर तक के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को सातवें व अंतिम चरण के मतदान दिवस 1 जून को वोट देने की शपथ भी दिलाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने सभी शिक्षकों से अपील की जहां भी बैठक करें घर-घर संपर्क करें सभी 18 वर्ष के मतदाता को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें।

विद्यालयों पर मतदान के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं चुनाव पूर्व पूर्ण कर लें। बाईक रैली सोनीधापा बालिका इंटर कॉलेज से आजमगढ़ तिराहा, गाजीपुर तिराहा से दीवानी कचहरी होते हुए कलेक्ट्रैट परिसर में संपन्न हुई। इसके अलावा विकासखंड परदहां एवं फतेहपुर मंडाव के ग्राम पंचायत कासिमपुर एवं कंधेरी में भी मतदाता जागरूकता संबंधी रैलियों का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन

आजमगढ़। निजामाबाद तहसील क्षेत्र के सराय पोही गांव में शुक्रवार को एसडीएम संत रंजन ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को मतदान का महत्व बताया और वोट देने की अपील की। जन चौपाल में कई गांव के लोग शामिल हुए। लोगों ने एसडीएम से अपनी समस्याएं साझा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया।

एसडीएम ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार और जिम्मेदारी है। हमें अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लोकतांत्रिक देश में मतदान जरूरी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि मतदान में किसी प्रकार की दिक्कत आती है तो प्रशासन से संपर्क करें। किसी प्रकार के प्रलोभन में आए बिना निर्भीक होकर मतदान करें। उन्होंने लोगों से कहा कि मतदाता सूची में शामिल अपने नाम कि जांच अपने

लोगों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक, एसडीएम ने ग्रामीणों से शतप्रतिशत मतदान की अपील की

बीएलओ से चेक कर सकते हैं। बीएलओ घर-घर पर जाकर मतदाता पहचान पत्र की प्रति पहुंचाएंगे।

पेट्रोल पंप पर दो बाइक सवारों में मारपीट

आजमगढ़। जिले के मेहनाजपुर थानाक्षेत्र के सकिया-बकिया में पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने आए युवकों ने सेल्समैन से जमकर मारपीट की। पीड़ित सेल्समैन की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सकिया-बकिया में पेट्रोल पंप पर दो बाइक से आए चार लोगों ने पहले सेल्समैन से विवाद किया। फिर मौके पर पहुंचे पेट्रोल पंप संचालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

पीड़ित बोला- पहले गाली दी फिर मारपीट की

इस मामले में पीड़ित कमलाकर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि देर रात अमन सिंह, अरूण सिंह और दो अज्ञात व्यक्ति पेट्रोल

दो बाइक पर सवार चार युवकों ने किया विवाद; सेल्समैन को धक्का देकर मारपीट

पंप पर आए और सेल्समैन से विवाद करने लगे। इसी दौरान जब पीड़ित मौके पहुंचा तो उसके भी विवाद करके उसको मारपीट कर घायल कर दिए और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया।

पुलिस ने धारा 34, 323, 504, 506 व एससी एसटी-एक्ट के तहत दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष मेहनाजपुर ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। पेट्रोल पंप से सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं जिसके आधार पर आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बलिया में 2606 मतदेय स्थल होंगे सात दिन के लिए अधिग्रहित

बलिया। जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने जिले के समस्त मातेड़ी स्थल के अधिग्रहण का आदेश दिया है। उन्होंने यह आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-160 के अंतर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिया है। ऐसे में बलिया जनपद में निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित जनपद के सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त 2606 मतदेय स्थलों के विनिर्दिष्ट भवनों,उसका संपूर्ण परिसर क्षेत्र, फर्नीचर आदि सहित 28 मई से 3 जून तक की अवधि के लिए अधिग्रहित करने का आदेश दिया है। उक्त भवनों का प्रयोग लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान कार्य के लिए और शांति व्यवस्था संबंधित अधिकारियों, मतदान कार्मिकों के ठहरने के लिए प्रयोग में लिया जाएगा।

उन्होंने अधिग्रहित भवनों के प्रभारी/स्वामी जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, बलिया तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बलिया अपने से संबंधित भवन, परिसर एवं फर्नीचर आदि संबंधित तहसीलदार अथवा उनके द्वारा भेजे गए तहसील कर्मचारियों को 28 मई को मतदेय स्थलों के निर्माण आदि कार्य हेतु सुपुर्द करने का आदेश दिया है।

मतदान वाले दिन बंद रहेगा न्यायालय

बलिया। आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान दिवस वाले दिन बलिया में न्यायालय भी बंद रहेंगे। बता दें कि बलिया में आगामी एक जून को मतदान होना है। जिला न्यायाधीश अशोक कुमार सप्तम ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में, जिला एवं सत्र न्यायालय 01 जून दिन शनिवार को बंद रहेगा। इसमें सिविल जज जूनियर डिवीजन बलिया,रसड़ा न्यायालय और ग्राम न्यायालय सिकंदरपुर,बलिया भी शामिल है। आपको बता दें कि मतदान वाले दिन बाजार,दुकानें,मदिरा,बीयर आदि की दुकानें बंद रहेंगी।इस दिन सभी विद्यालय,कोचिंग संस्थान आदि की छुट्टी रहेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन लगातार होमवर्क कर रहा है। बलिया में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शासन-प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। इसे लिए आरओ,एआरओ की लगातार बैठकें हो रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण

डीएम आर्यका अखौरी बोलीं- 50 प्रतिशत बूथों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

परिवर्तन दूत

गाजीपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में हुआ। यहां विधान सभा सदर सैदपुर जखनियॉ, जंगीपुर, जमानिया, जहूराबाद एवं मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बनाये गये सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट/एआरओ का प्रशिक्षण हुआ। इस प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने मतदान से एक दिन पूर्व मतदान के दिन और मतदान समाप्ति के बाद के कार्य दायित्वों का बोध कराते हुए विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट से अपने-अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्रों/बूथों के निरीक्षण कर पायी गयी कमियों को अपने एआरओ से सम्पर्क कर लिखित रूप से अवगत करायें, जिससे उसका ससमय निस्तारण किया जा सके। उन्होंने जिले में पार्टी रवानगी से लेकर मतदान की समाप्ति तक पोलिंग पार्टियों द्वारा ईवीएम तथा मतदान सामग्री के साथ कलेक्शन सेन्टर पर पहुंचाते हुए स्ट्रांग रूम तक सकुशल जमा करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समस्त सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को पहले से ही मतदान केन्द्र, बूथ, रास्ते, शौचालय, संवेदन और अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण पहले से ही कर लें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में 50 प्रतिशत बूथों पर नेट एवं सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे, जिसकी समीक्षा कर जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत कराते हुए उसे प्राप्त कर लिया जाए। इस प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने मतदान प्रतिशत संकलन एप्प की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डिप्टी कलेक्ट्रर, परियोजना निदेशक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सरकार की योजनाएं धरातल तक मौजूद

बलिया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत बलिया के बांसडीह नगर के वार्ड 12 में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस मौके केंद्र तथा प्रदेश में चल रही सरकार की योजनाओं को आम जनता के बीच लेकर गए। इसके अलावा आम जनता के बीच पहुंचाने में सहयोग करने के साथ ही कई संगठनों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकार के लिये प्रेरित करने और उनको मुख्य धारा में जोड़ने के लिये भाजपा बांसडीह मंडल उपाध्यक्ष तेजबहादुर रावत को सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा बांसडीह मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने कहा की आज प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व क्षमता के बल पर देश विकसित राष्ट्र के प्रति अग्रसर हो रहा है जो देश आज भारत को आंख दिखाते थे वही आज स्वागत में हाथ बांधे खड़े है। उन्होंने कहा की सरकार की योजनाएं धरातल तक गई है और इसका लाभ सभी वर्गो के लोगो को हुआ है। देश में जो सत्तर सालो में नही हो पाया वह दस वर्षो में पूरा हुआ है। इस मौके पर दुर्गेश मिश्रा, विजय गुप्ता, अमित यादव, शिवम गुप्ता, नीतीश भारती, मंजय राजभर, अनिकेत तिवारी, राहुल शाह सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं ने किया तहसीलदार न्यायालय में तालाबंदी

तहसीलदार की कार्यप्रणाली से आक्रोशित वकील, प्रदर्शन व नारेबाजी कर जताया विरोध

परिवर्तन दूत

जौनपुर। मछलीशहर में तहसीलदार की कार्यप्रणाली से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन व नारेबाजी किया। साथ ही अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय में तालाबंदी भी किया। तहसीलदार को न्यायिक कार्य नहीं करने दिया।

तहसीलदार के विरोध में अधिवक्ता : बता दे कि तहसीलदार अजीत कुमार को कार्य प्रणाली पर क्षोभ व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है।

जो तहसीलदार न्यायालय की भारी संख्या में पत्रावालियों को कोर्ट में सुनवाई न कर स्थलीय निरीक्षण में लगाकर धन उगाही करने में लिप्त है। जिसके कारण वादकारियों को सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया में विलम्ब हो रहा है। पत्रावलियों में साक्ष्य सबूत भी नहीं लिया जा रहा। वादकारी तपती धूप लू में तहसील के चक्कर काट कर निराश हैं व शोषण के शिकार हो रहे हैं। धरना प्रदर्शन के इस अवसर पर महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, दिनेश चंद्र सिन्हा,राजकुमार पटवा, आलोक विश्वकर्मा, अशोक श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, अवनींद्र दूबे, भरत लाल यादव, विकास यादव, अमित सिंह सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

300 बीघा से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख

फायर ब्रिगेड पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, थाने में दिया शिकायती पत्र

आजमगढ़। जिले में चल रही तेज हवाओं के कारण गेहूं की तैयार फसल में आग लगने के कारण 300 से अधिक बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। अंबेडकर नगर जिले के लहतौरा गांव में लगी आग तेज हवाओं के चलने के कारण धीरे-धीरे आजमगढ़ तक आ पहुंची। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और किसानों की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गई।

न राशन बचा न भूसा : आजमगढ़ जिले में अंबेडकर नगर से आने वाली इस आग के कारण 100 बीघा से अधिक की फसल जलकर पूरी तरह से स्वाहा हो गई। स्थानिक ग्रामीणों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण आग पर काबू भी नहीं पाया जा सका। आग लगने के कारण ग्रामीणों के पास ना तो खाने के लिए राशन बचा है और ना ही जानवरों के लिए भूसा। ऐसे में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

आजमगढ़ में गेहूं की फसल में लगी आग को बुझाता फायर ब्रिगेड का कर्मी। आग लगने के मामले की जानकारी ग्रामीणों को उसे समय हुई जब खेतों से धुआं उठता देखा। खेतों से धुआं निकलने के मामले की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण खेतों की तरफ भागे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। सुबह से ही चल रही तेज हवाओं के कारण थोड़ी देर में सब कुछ जलकर खाक हो गया। आजमगढ़ जिले के बुढनपुर तहसील के अंतर्गत विकासखंड कोयलसा के अमारी और मैनुद्दीनपुर में लगी भीषण आग से लगभग 200 बीघा से अधिक की फसल जलकर खाक हो गई। अम्बेडकरनगर जि के महटौरा गांव से लगी आग धीरे-धीरे तेज हवाओं के कारण आजमगढ़ के रसुआपार तक आ पहुंची। इस आग से 100 बीघे से अधिक की फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड के कर्मियों को दी।

दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

गाजीपुर। दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बल व जीआरपी के संयुक्त टीम द्वारा ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों की धर पकड़ के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिससे बिना टिकट यात्रियों में अफरातफरी का माहौल बना रहा। दिलदारनगर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बल व जीआरपी द्वारा चेकिंग अभियान चलने के कारण यात्रियों में अफरा तफरी मच गया। जिसके तहत प्लेटफार्म व अप डाउन के विभिन्न ट्रेनों में सघन चेकिंग हुआ। इस अभियान में अवैध रूप से समान बेचने, दिव्यांग , महिला बोगी में यात्रा करने तथा धूम्रपान करने के जुर्म में 123 लोग हिरासत में लिए गए। इसके बाद 74 हजार रुपया जुमार्ना वसूल कर सभी यात्रियों को छोड़ दिया गया।

मनोरंजन का डोज बढ़ाने आ रहे हैं मंच पर खास मेहमान

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के होमग्रोन सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 ने देश भर से आई युवा सिंगिंग प्रतिभाओं के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस वीकेंड, श्रीमती स्पेशल एपिसोड में, प्रतियोगी कालबेलिया लोक नर्तकी और पद्मश्री गुलाबो सपेरा, निर्मला पापड़ वाली और भारतीय नौसेना की सेवानिवृत्त, कमांडर प्रभा लाल सहित विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। दो और दो प्यार की शानदार स्टार कास्ट- विद्या बालन और प्रतीक गांधी भी इस संगीत महोत्सव में मनोरंजन का डोज बढ़ाने के लिए खास मेहमान के रूप में शामिल होंगे।

भारतीय नौसेना की सेवानिवृत्त कमांडर प्रभा लाल ने शो की शोभा बढ़ाते हुए गुरुग्राम, हरियाणा के निशांत गुप्ता और कोझिकोड़, केरल की देवनश्रिया के. को अपना समर्थन दिया। अपनी जीवनयात्रा और अपने सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए, उन्होंने विद्या बालन की तारीफ की और निशांत व देवनश्रिया से मेरे ढोलना पर परफॉर्म करने का अनुरोध किया। सभी का दिल जीतने वाली प्रतिभा दिखाते हुए, इस डायनेमिक जोड़ी ने, अपने कैप्टन मोहम्मद दानिश के साथ, एक शानदार परफॉर्मेंस दिया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस परफॉर्मेंस से हैरान होकर, विद्या बालन ने कहा, इस गाने को गाने के लिए धन्यवाद। यह मेरे सबसे पसंदीदा गानों में से एक है, और मैं बताना चाहती हूँ कि मैं फिल्म

सुपरस्टार सिंगर 3 में, मेरे ढोलना की प्रस्तुति पर बोले प्रतीक गांधीः आप लोगों ने इस चुनौतीपूर्ण गाने को कितनी आसानी से कर दिया पेश

भूलभुलैया 3 का फिर से हिस्सा बनूँगी। मैं आप लोगों को सुनकर काफी उत्साहित हूँ। आप दोनों ने बेहद सटीकता से परफॉर्म किया। मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूँ कि आप दोनों कितना अभ्यास करते हैं? आपकी परफॉर्मेंस दिग्गज गायकों की तरह लग रही थी, मानो आप सदियों से गाते आ रहे हों। शानदार परफॉर्मेंस, मेरी कामना है कि ईश्वर की आप पर कृपा बनी रहे। पता है, जब मैंने इस गाने पर परफॉर्म किया था, तो मुझे सरगम को याद करने में काफी समय लगा था, और इस गाने पर डांस करने में मुझे दो हफ्ते लग गए थे। और यहाँ आप लोगों ने, गायक के रूप में, केवल चार दिनों में इसमें महारत हासिल कर ली है। यह वाकई प्रभावशाली है।

इस परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, सुपर जज नेहा कक्कड़ ने कहा, वाकई यह पल ऐतिहासिक है! दानिश, वाह, मैं आपकी टीम के अद्भुत परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, और आज, आप लोग सभी उम्मीदों को खरे उतरे हैं। दानिश, आपने शानदार काम किया है। और इन दोनों बच्चों को शायद इस बात का एहसास भी नहीं है कि ये कितने लाजवाब हैं। यह लगभग अविश्वसनीय है। इन्होंने बेहद जुनून के साथ गाया और शानदार परफॉर्म किया। मैं अवाक हूँ! आप पर ईश्वर का आशीर्वाद बना रहे।

आप दोनों को सुनने का मौका पाकर मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूँ। आप दोनों न केवल हमारा मनोरंजन कर रहे हैं, बल्कि पूरे देश के बच्चों को भी प्रेरित कर रहे हैं। और दानिश, आपकी सिंगिंग बहुत मधुर और सुंदर थी। विद्या के विचारों का समर्थन करते हुए, अभिनेता प्रतीक गांधी ने कहा, आप लोगों ने इस चुनौतीपूर्ण गाने को कितनी आसानी से पेश कर दिया। मुझे ऐसा लगता है, जैसे आप कई जन्मों से इस पल के लिए तैयारी कर रहे हैं। साथ ही, आप लोगों के बीच गुरु-शिष्य का रिश्ता वाकई उल्लेखनीय है। दानिश भाई, आपको क्या बेहतरीन टीम मिली है। मैं इस टीम को बड़े मंचों पर परफॉर्म करते देखना चाहूँगा। इन जादुई पलों को देखने के लिए, सुपरस्टार सिंगर 3 देखें, हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर!

फायरिंग के बाद पहली बार नजर आए सलमान

कड़ी सिक्योरिटी के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए

सलमान खान को आज यानी शुक्रवार को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। सलमान कड़ी सिक्योरिटी के साथ एयरपोर्ट पर पहुंचे। बता दें, हाल ही में सलमान के घर पर फायरिंग की गई थी।



इस घटना के बाद सलमान पहली बार एयरपोर्ट पर दिखाई दिए हैं। इस दौरान एक्टर रिब्ड जीन्स और ब्लैक टी-शर्ट पहने नजर आए। सलमान ने हाल ही में फिल्म ह्यसिकंदरह्ल की अनाउंसमेंट की थी। खबर है कि फिल्म की शूटिंग मई से शुरू की जाएगी। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास डायरेक्ट करेंगे, जो इससे पहले ह्यगजनीह्ल, ह्यहॉलीडेह्ल और 'अकीरा' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर होंगे। सलमान के अलावा एयरपोर्ट पर कृति सेनन भी नजर आईं। कृति हाल ही में फिल्म 'क्रू' में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ करीना कपूर और तब्बू भी दिखी थीं। कृति ने पैपराजी के सामने पोज दिया। कृति के अलावा एयरपोर्ट पर आदित्य रॉय कपूर, नुसरत भरूचा और माहिरा खान को भी देखा गया।

इस हफ्ते मिलेगा कविता और कॉमेडी का बेहतरीन मिश्रण

'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में हुमा कुरैशी ने कॉमेडियन स्नेहिल मेहरा दीक्षित से कहा, "मैंने राधिका आप्टे का इतना अच्छा संस्करण पहले कभी नहीं देखा"

इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जहाँ दर्शकों को कविता और कॉमेडी का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ ही अनुभवी कॉमेडियन्स गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे।

हंसी से भरपूर सफर के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके, हेमांगी कवि और स्नेहिल मेहरा दीक्षित उर्फ बीसी आंटी 'मर्डर मिस्ट्री' नामक अपने सनसनीखेज एक्ट से मंच पर छा जाएँगे! कुशल एक भरोसेमंद नौकर की भूमिका निभाएँगे और हेमांगी विनोदी नौकरानी के किरदार में दिखाई देंगी। ये दोनों पुलिस और मीडिया के साथ अपने मालिक की हत्या के रहस्य को सुलझाएँगे, जिसकी भूमिका केतन सिंह निभाएँगे। इस बीच, स्नेहिल राधिका आप्टे के पुलिस के प्रसिद्ध किरदार के अपने संस्करण से शो में छा जाएँगी और पूरी जाँच में उत्साह का तड़का लगाएँगी।

स्नेहिल की परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, 'मैडनेस की मालकिन' हुमा कुरैशी कहती हैं, "राधिका मेरी एक अच्छी दोस्त हैं। मैंने कई कलाकारों को उनकी नकल करने की कोशिश

करते देखा है, लेकिन मैंने कभी भी राधिका आप्टे का इतना अच्छा संस्करण नहीं देखा। मैं यह क्लिप उनके साथ शेयर करुँगी।"

अपनी परफॉर्मेंस और सह-कॉमेडियन्स के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, स्नेहिल मेहरा दीक्षित कहती हैं, "मैं बेहद प्रतिभाशाली कॉमेडियन- केतन सिंह, कुशाल बद्रीके और हेमांगी कवि अभिनीत हमारे 'मर्डर मिस्ट्री' स्किट को दर्शकों के सामने लाने के लिए रोमांचित हूँ। इस टीम के साथ काम करना पूरी तरह से धमाकेदार रहा है। अपनी भूमिका को बेहतर बनाने के लिए, मैंने कई फिल्में देखीं और अपनी भूमिका के प्रदर्शन पर काम किया। जब हुमा कुरैशी ने मेरे किरदार की तारीफ की, तो मुझे बहुत खुशी हुई। जब कोई ऐसा स्थापित कलाकार आपके काम की तारीफ करता है, तो बहुत ही अच्छा महसूस होता है। मैं मर्डर मिस्ट्री पर आधारित इस कॉमेडिक स्किट को दर्शकों को दिखाने के लिए बहुत रोमांचित हूँ।" 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' देखना न भूलें, इस शनिवार-रविवार, रात 9:30 बजे केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर!

भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल की एक्सपोर्ट

फिलीपींस को पहली खेप सौंपी, साउथ चाइना सी में तैनात होंगी; 3130 करोड़ में डील

नई दिल्ली। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप शुक्रवार (19 अप्रैल) को सौंप दी। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपए) की डील की थी।

इंडियन एयरफोर्स ने उ-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है। फिलीपींस को उस समय मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी मिली है, जब उसके और चीन के बीच साउथ चाइना सी में तनाव बढ़ा हुआ है।

फिलीपींस ब्रह्मोस के 3 मिसाइल सिस्टम को तटीय इलाकों (साउथ चाइना सी) में तैनात करेगा, ताकि चीन के खतरे से निपटा जा सके। ब्रह्मोस के हर एक सिस्टम में दो मिसाइल लॉन्चर, एक रडार और एक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर होता है। इसके जरिए सबमरीन, शिप, एयरक्राफ्ट से दो ब्रह्मोस मिसाइलें 10 सेकेंड के अंदर दुश्मन पर दागी जा सकती है। इसके अलावा भारत फिलीपींस को मिसाइल ऑपरेट करने की भी ट्रेनिंग देगा।

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 बारिश में धुला

रावलपिंडी। तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा । शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था । बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ । दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और हरफनमौला इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर इस श्रृंखला में लौटे हैं । दोनों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी खुद को उपलब्ध बताया है ।

दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

नई दिल्ली। मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा ।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है । दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं । अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं । आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और

तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है । ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा । सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 गेंद में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं । वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिये हैं । दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिये कड़ी चुनौती होगा । वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं। कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है । स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिये अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं । पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं । वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिये चिंता का विषय है हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेसर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है । सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जायेगा । जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं । वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके। अगर दिल्ली को लक्ष्य का पीछा करना है तो उसकी नजरें सनराइजर्स को 210 . 220 के स्कोर पर रोकने पर होगी ।

पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आशुतोष शर्मा की 28 गेंदों में 61 और शशांक सिंह की 25 गेंद में 41 रन की पारी से पंजाब की टीम जीत के करीब पहुंचाया लेकिन टीम आखिरी ओवरों लक्ष्य से नौ रन दूर रह गयी।

आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित

पीसीए के नये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुमार्ना लगाया गया है।

उन्होंने कहा, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

नेतन्याहू को अपने खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी होने का डर

तेल अवीव। हमास के खिलाफ जंग के बीच इजराइल को डर है कि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी कर सकता है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानूनों तोड़ने के आरोप में इजराइल के कई राजनेताओं और मिलिट्री लीडर्स के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी हो सकता है। उदरअसल, एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल को सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली थी कि कुछ आने वाले समय में वारंट जारी करने पर विचार कर रही है। इसके बाद नेतन्याहू के ऑफिस में कई एक्सपर्ट्स ने इस मुद्दे पर इमरजेंसी मीटिंग भी की थी। इस दौरान वारंट को टालने के तरीकों पर चर्चा हुई थी। 3 दिन पहले नेतन्याहू के ऑफिस में हुई मीटिंग के दौरान अरेस्ट वारंट टालने के तरीकों पर चर्चा हुई थी।

धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट

डीएनए टेस्ट से नमूना दूषित होने का खुलासा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था ।

तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी । उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था । आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया । डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा , मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है । डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले । इसने कहा ,नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है । इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है । खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है । इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पधाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।

चिलचिलाती और उमस भरी गर्मी से राहत के लिए बाजार में लॉन्च हुई एसी की नई रेंज

परिवर्तन दूत

अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही जिले में गर्मी अपना रूप दिखाने लगी है। तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर होने लगा है। वहीं गर्मी बढ़ने के साथ-साथ एयर कंडीशनर, कूलर, फैन्स आदि की खरीदारी भी बढ़ जाती है।

हर साल बाजार में कंपनियों द्वारा नए व आकर्षक प्रोडक्ट्स की पेशकश देखने को मिलती है। इसी के साथ इस साल चिलचिलाती गर्मी का सामने करने वाले खास उत्तरप्रदेश के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए

पैनासोनिक ने कुछ शानदान ऑफर्स और नए फीचर्स के साथ कनेक्टेड लिविंग प्लेटफॉर्म से जुड़े एसी के 60 नए मॉडल्स की पेशकश की है, जिनमें 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स शामिल हैं। ज्यादातर इन्वर्टर एसी के साथ यह नई रेंज हर कोने में कूलिंग के साथ-साथ नैनो टेक्नोलॉजी के साथ माहौल स्वच्छ रखने, कस्टमाइज्ड कूलिंग और शानदार ड्यूरेबिलिटी के साथ आते हैं। इस नई रेंज की शुरूआती कीमत 33,990 रुपए से शुरू है, जो सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है।

पैनासोनिक ने मिराई के साथ भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड रूम एयर कंडीशनर्स भी पेश किये हैं, जो कनेक्टेड लिविंग प्लेटफॉर्म सुविधा के अंतर्गत आराम, कनेक्टिविटी और बिजली की बचत देने का वादा करते हैं। मिराई के साथ आने वाले लाभों में आरामदायक कूलिंग के लिए टू एआई के फीचर, एसी की सेटिंग्स और पैरामीटर्स को अपने आप एडजस्ट करता है। इसमें अनुकूल स्लीप प्रोफाइल सेट कर सकते हैं। इसमें यूजर्स को फिल्टर साफ करने के नोटिफिकेशन भी मिलते हैं। पैनासोनिक के बिजनेस हेड, अभिषेक वर्मा ने बताया, "इन्वर्टर एसी की जबर्दस्त बिक्री को देखते हुए हम पूरे उत्तरप्रदेश से इन्वर्टर एसी की मांग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद कर रहे हैं। आज एक साथ सभी जगह लगभग सात फीसदी घरों में एसी है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत में एसी इंडस्ट्री के विकास की अपार संभावना है।" बता दें कि पैनासोनिक की इस नई एसी रेंज को एडवांस फीचर्स के साथ साथ, एसी के नए उपभोक्ताओं की जरुरत के हिसाब से डिजाइन किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*

RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com

समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

अस्पतालों में दिखने लगा गर्मी का असर

प्रदेश में डायरिया, बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों में तेजी से इजाफा

परिवर्तन दूत

लखनऊ। राजधानी समेत यूपी के तमाम जिलों के अस्पतालों में गर्मी का असर दिखने लगा हैं। ओपीडी में बड़ी संख्या मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। ज्यादातर मरीजों में डायरिया, डिहाइड्रेशन के अलावा जुकाम-बुखार की समस्या हैं। इस बीच लखनऊ के अस्पतालों में शुक्रवार सुबह ही ओपीडी की लंबी लाइन देखी गई।

वही नवरात्रि के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। विशेषज्ञ व्रत में खानपान में बदलाव के कारण को भी इससे जोड़ कर देख रहे हैं। हालांकि राहत की बात ये हैं कि ज्यादातर मरीजों को दवा से आराम मिल रहा हैं।

पेट की समस्या के मरीज बढ़े : लोकबंधु में सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों और तीमारदारों की भीड़ दिखी। इनमें रूटीन के अलावा खांसी, जुकाम, दस्त समेत संक्रामक रोगों से पीड़ित मरीज भी रहे। पेट की समस्या से जुड़े मरीजों की संख्या भी बढ़ी हैं।

लोकबंधु अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजीव दीक्षित ने बताया कि अस्पताल में गर्मी, हीट वेव या लू की चपेट में आने वाले मरीजों के लिए अलग से उपचार की व्यवस्था की गई हैं। ऐसे मरीजों को जरूरत करने पर भर्ती कर ड्रीप चढ़ाई जा रही हैं।

> डॉ. वीरेंद्र कहते हैं कि नवरात्रि के दौरान जो लोग व्रत रहते हैं, उन्हें थोड़ा ज्यादा सतर्कता बरतनी होगी। लंबे समय तक अनाज से दूरी के बाद नार्मल खानपान की खुराक पहले थोड़ी हल्की रखें।

बलरामपुर अस्पताल में भी मरीजों की भीड़ : कुछ ऐसे ही हालात बलरामपुर अस्पताल में भी रहे। यहां भी मरीज सुबह से ही इलाज के लिए ओपीडी में पहुंचे। ओपीडी में सबसे ज्यादा मरीज फिजीशियन के क्लिनिक में पहुंचे हैं। यहां भी खांसी, जुखाम और गर्मी से परेशान मरीजों की संख्या ज्यादा रही। स्किन और आंख की समस्या से जूझ रहे मरीजों की भी तादाद ज्यादा हैं।

खान-पान में लापरवाही पड़ सकती हैं भारी

लखनऊ के मेयो हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र कुमार कहते हैं कि गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा हैं। इस दौरान सेहत को लेकर हल्की सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती हैं। इसलिए सचेत हैं। बाहर का खान-पान से बचें। हाइजीन को लेकर भी सतर्क रहें।

शरीर में न होने दें पानी की कमी

गर्मी के दौरान बाहर निकलने वाले लोगों को पूरी आस्तीन की कपड़े पहनने की सलाह देते हुए डॉ. वीरेंद्र कहते हैं कि इस मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ जाती हैं। यही कारण हैं कि शरीर में पानी की कमी नही होने देना हैं। इसके अलावा तेज धूप से आने पर तुरंत ठंडा पानी नही पीना चाहिए। ऐसा करने पर बुखार होने की संभावना रहती हैं। इसके अलावा खानपान में लिक्विड डाइट और फ्रेश फ्रूट को जरूर शामिल करें। इससे बॉडी को जरूरी मिनरल मिलेंगे।

प्रतिबंधित 676 तोते संग तीन तस्कर गिरफ्तार

बिहार में करनी थी रोज रिंग्ड पैराकीट तोते की सप्लाई

गोरखपुर। वन विभाग और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से तिनकोनिया रेंज के नंदानगर अंडरपास से 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से प्रतिबंधित 676 तोते (रोजरिंग पैराकीट) बरामद किए गए हैं।

तस्करों की पहचान राजघाट इलाके के छोटे काजीपुर मिर शिकार मोहल्ले के रहने वाले रईस अहमद, रायगंज के मोहम्मद इम्तियाज और बिहार पटना के आलमगंज इलाके मिस्का टोला के मंसूर आलम के रूप में हुई। इनका एक साथी शमशाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल टीम ने तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसटीएफ और वन विभाग के मुताबिक, बेजुबान परिंदों की तस्करी करने वाले गैंग का रईस अहमद सरगना है। जो अपने गिरोह से बहराइच समेत अन्य जगहों से तोतों को पकड़वाता है। इसके बाद उन्हें पिंजरे में रखकर बिहार के पटना ले जाकर बेचते थे। एक जोड़े तोते के बदले उन्हें 600 रुपए मिलते थे। रईस पहले भी कई बार तस्करी में जेल जा चुका है। दरअसल, डीएफओं विकास यादव के पास वाइल्ड लाइफ कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली से सूचना मिली थी कि गोरखपुर वन प्रभाग क्षेत्र से तोतों की तस्करी की जा रही है। तस्कर बिहार से खाली पिंजरे लेकर पहुंचे हैं। इसके बाद प्राइवेट गाड़ी से तोतों को लेकर बिहार जा रहे हैं। इसके बाद उप वनाधिकारी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में तिनकोनिया रेंजर लव सिंह और रळक्षके डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ल ने टीम के साथ संयुक्त रूप से तिनकोनिया रेंज में घेराबंदी की। नंदानगर अंडर पास के पास भाग रहे एक बोलेरो को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास दो मोबाइल फोन, एक की पैड, 13 हजार 300 रुपये भी बरामद हुए। उप वनाधिकारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया वह 7-8 साल से सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर और मध्य प्रदेश में प्रतिबंधित तोतों को पकड़ते थे। रईस के गोरखपुर स्थित घर लाकर तोतों को पिंजरे में पैकिंग करते हैं। इसके बाद प्राइवेट गाड़ी से दूसरे राज्यों में ले जाकर बेच देते थें।

पीएम के आगमन से पूर्व अलीगढ़ बार्डर सील

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलीगढ़ में 22 अप्रैल को जनसभा करेंगे। नुमाइश मैदान में पीएम का कार्यक्रम होगा और इसके लिए पंडाल लगने शुरू हो गए हैं। पीएम को अलीगढ़ में श्री लेयर की सुरक्षा व्यवस्था दी जाएगी और उनके साथ एसपीजी के कमांडो भी मौजूद रहेंगे। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है और अलीगढ़ के बार्डर भी सील कर दिए गए हैं। जिले में बाहर से आने जाने वाले हर वाहन पर नजर रखी जा रही है और संदिग्ध होने पर तत्काल तलाशी ली जा रही है। चुनाव के चलते पुलिस पहले से सतर्क थी, वहीं पीएम के कार्यक्रम के कारण निगरानी और बढ़ा दी गई है।

पीएम मोदी नुमाइश मैदान में सभा करेंगे। आईजी और कमिश्नर के साथ डीएम-एसएसपी व अन्य अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वहीं नुमाइश मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ अलीगढ़ पहुंची और उन्होंने सुरक्षा का जायजा लिया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि पीएम श्री लेयर सुरक्षा में रहेंगे। पुलिस के साथ ही पीएसी, सीआरपीएफ, स्पेशल फोर्स भी सुरक्षा में तैनात रहेंगी। नुमाइश मैदान के आसपास की बिल्डिंगों में भी हथियारबंद सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। ड्रोन से निगरानी की जाएगी और जरा भी संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। अलीगढ़ में कुछ ही महीने पहले आए एसएसपी संजीव सुमन को उनके बेहतर कार्यों के लिए डीजीपी के प्लेटिनम मेडल से सम्मानित किया गया है। एडीजी अनुमप कुलश्रेष्ठ ने उन्हें डीजीपी के मेडल से सम्मानित किया और प्रशस्तिपत्र भी प्रदान किया। इसके बाद उन्होंने नुमाइश मैदान में पीएम की सुरक्षा, साफ सफाई, हैलीपैड की व्यवस्था, आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ कमिश्नर चैत्रा वी., आईजी शलभ माथुर, डीएम विशाख जी., एसएसपी संजीव सुमन, एसपी सिटी एमएस पाठक, एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम, एएसपी लिपि नागायच, सीओ सर्जना सिंह, सीओ आरके सिसौदिया, बन्नादेवी इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा मौजूद रहे।

उड़ान भरते ही फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी

गोरखपुर-दिल्ली की फ्लाइट अचानक लखनऊ हुई लैंड

गोरखपुर। गोरखपुर से दिल्ली जा रही अलायंस एयर की उड़ान में तकनीकी खराबी के चलते लखनऊ डायवर्ट हो गई। इसके बाद नाराज यात्रियों ने खूब हंगामा किया। एयरलाइंस ने रिफंड का आश्वासन दिया, पर लोग दूसरी उड़ान से दिल्ली भेजने की बात पर अड़े थे। देर रात तक चले हंगामे के बाद आखिरकार रात सवा 2 बजे काफी समझाने के बाद यात्री शांत हुए। यात्रियों के मुताबिक फ्लाइट 9क-810 गोरखपुर एयरपोर्ट पर रात 9:38 बजे उतरी। यहां से रात 10:20 बजे दिल्ली के लिए टेकऑफ किया। कुछ ही मिनटों में पायलट को विमान में गड़बड़ी की आशंका हुई और उसने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर अळउ से मदद मांगी। इसके बाद उड़ान अमौसी एयरपोर्ट पर उतारने के निर्देश दिए। रात 11:20 बजे फ्लाइट अमौसी लैंड हुई। तत्काल विमान में खराबी की सूचना मिलते ही इंजीनियर मौके पर पहुंचे, पर गड़बड़ी ठीक नहीं की जा सकी। ऐसे में उड़ान को आगे के लिए निरस्त कर दिया गया। इस पर यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। 72 सीटों वाले अळफ विमान में 55 यात्री सवार थे। देर रात मामला शांत हुआ।

सहारनपुर-शामली में ओले संग भारी बारिश



कानपुर। वेस्ट यूपी के सहारनपुर में तेज आंधी के बाद 1 घंटे तक बारिश हुई, ओले गिरे। यहां बारिश होने से 1 घंटे तक वोटिंग थमी रही। वहीं शामली में भी करीब 30 मिनट तक बारिश-ओले गिरे। क्टऊ ने शुक्रवार को यूपी के 28 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया था। लखनऊ में 30-35 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं।

28 शहर के लिए बारिश का यलो अलर्ट : आईएमडी ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, रामपुर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, कुशीनगर, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, फरुर्खाबाद, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और हरदोई में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया था।

शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अचानक आसमान में बादल छा गए। 5 बजे तक तेज हवाएं चलने लगी। फिर बारिश शुरू हुई। करीब 1-2 सेमी. साइज के ओले गिरे। यहां लोकसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग चल रही थी। बारिश-ओले के बाद लोग घरों में कैद हो गए। लास्ट के 1 घंटे में लोग वोट देने के लिए बूथ तक नहीं पहुंच सके। पोलिंग बूथ पर कई जगह पंडाल उड़ने की सूचना भी है। यहां करीब 1 घंटे तक बारिश होती रही। जैसा कि पूवार्नुमान था शामली में शाम करीब 4.30 बजे तेज बारिश हुई। यहां भी 2-3 सेमी. साइज के ओले गिरे। बेमौसम बारिश का फसलों को नुकसान हुआ। यहां हवाएं तेज चलीं, लेकिन आंधी जैसी स्थिति नहीं बनी। कानपुर में बादलों की आवाजाही बनी हुई है, लेकिन यहां बारिश नहीं हुई। लखनऊ में भी 30-35 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चल रही हैं। मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया,"अभी तक औसत से 58% कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। यूपी में 1 से 18 अप्रैल तक 1.4 मिमी. बारिश हुई है, जबकि औसत बारिश का रिकॉर्ड 3.3 मिमी. का है। इस बार मानसून में अच्छी बारिश के संकेत हैं। 20 अप्रैल से हीटवेव लोगों को परेशान करेगी।"

संक्षिप्त खबरे...

चार गांवों में तैयार फसलें जलकर हुई खाक

अलीगढ़। अतरौली थाना क्षेत्र के गांव गनियावाली में बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण खेतों में भीषण आग लग गई। खेतों में गेहूं की पकी हुई फसलें खड़ी थी और चिंगारी पड़ते ही उन्होंने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बढ़ती चली गई। किसान इससे पहले की कुछ समझ पाते, भीषण आग काबू से बाहर हो गई और किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड को दी। इसके साथ ही खुद भी आग बुझाने में जुट गए। जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। किसानों की माने तो छोटी सी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और फैलती ही चली गई। आग एक खेत से दूसरे खेत में कब पहुंच गई पता नहीं चला। आग के भीषण रूप की जद में 4 गांवों के खेत आ गए और लगभग चार किलोमीटर का दायरा पार करते हुए गनियावाली से पेंडरा गांव तक पहुंच गई। भीषण आग के कारण लगभग 1000 बीघा में खड़ी गेहूं की पकी हुई फसलें जलकर खाक होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसके कारण किसान पूरी तरह से बर्बाद हो गए। इसमें कई किसान ऐसे भी थे, जिन्होंने इस फसल के आसरे अपने बच्चों की शादी और उनकी पढ़ाई के सपने संजोकर रखे थे, जो फसल के साथ ही खाक हो गए।

लोगों को वोट डालने के लिए किया गया जागरूक

अम्बेडकरनगर। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के बसखारी रोड, पटेल नगर स्थित सेंट फ्रांसिस जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने अभियान के तहत जिले में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली कचहरी चौराहा, औलियापुर कॉलोनी, राहुलनगर, राबी बहाउद्दीनपुर, पटेल नगर तिराहा होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र- छात्राएं मतदाताओं को जागरूक करने वाले संदेश लिखे तख्तियां बैनर थामकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। छात्र-छात्राओं मतदाताओं से निर्भय होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने का संदेश दे रहे थे। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक श्रीराम कीरत वर्मा, डायरेक्टर प्रभाकर वर्मा, प्रिंसिपल श्रीमती आभा सिंह, एसएन वर्मा, पूजा श्रीवास्तवा, शिखा, बोधांजलि, कमलेश, निशात, नितीश, नेहा सहित अन्य मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को मारी टक्कर

अमेठी। देर रात बाजार से घर जा रहे बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हादसा करने वाला चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है। पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सैठा रोड का है, जहां नवोदय विद्यालय के पास गौरीगंज बाजार से अपने घर पूरे रुदई सैठा जा रहे बाइक सवार युवक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज टक्कर की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचवाया। यहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

सड़क हादसे का शिकार हुई बारात

झांसी। शुक्रवार दोपहर को भीषण हादसा हो गया। दुल्हन को लेकर लौट रही बस सीएनजी भराने के लिए रुकी थी, तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने पीछे से खड़ी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दूल्हे के रिश्ते के मामा की मौत हो गई। जबकि दूल्हा, दुल्हन समेत 36 बाराती घायल हुए हैं। इसमें 8 घायलों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसा मोंठ थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाइवे पर मोंठ बाइपास पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने हुआ है।

कानपुर के कमला टॉवर के पास रहने वाले रमाकांत राजपूत मेहनत मजदूरी करते हैं। उनका बड़ा बेटा सूरज उर्फ वासु (23) बैंक में जॉब करता है। पिछले दिनों वासु की शादी झांसी के पुलिया नंबर 9 निवासी संध्या से तय हुई थी। सगाई के बाद गुरुवार रात को शादी थी। वासु कानपुर से बारात लेकर शाम करीब 7 बजे झांसी पहुंचा था। रातभर शादी की सारी रस्में हुई। आज यानी शुक्रवार सुबह

करीब 11 बजे विदाई होने के बाद बारात दुल्हन संध्या को लेकर कानपुर जा रही थी। बस में दूल्हा-दुल्हन, दुल्हे का परिवार, रिश्तेदार और जानने वाले करीब 50 लोग सवार थे। बस में सवार दुल्हे के मौसेरे भाई स्वप्निल उर्फ साजन ने बताया कि जब हमारी बस झांसी-कानपुर हाइवे पर मोंठ बाइपास पर पहुंची तो ड्राइवर ने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास बस रोक ली। बस में सीएनजी गैस भरानी थी, कंडेक्टर गैस के बारे में पूछने के लिए पंप पर गया था। तभी पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस डिवाइडर फांदकर दूसरी लाइन पर जा पहुंची। कुछ बाराती सो रहे थे, तेज धमाके के साथ सबकी नींद टूट गई और सभी रोने पीटने लगे। साजन ने आगे बताया कि टक्कर के बाद बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई बराती सीटों में ही फंसकर रह गए। सूचना पर आसपास के लोग आ गए और फिर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां पर दूल्हे के रिश्ते में मामा लगने वाले रमेश राजपूत को मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा 36 बाराती घायल हैं। इसमें से दूल्हे की मौसी रीता, उनकी बेटी गुनगुन, दूल्हे के मामा राजेश वर्मा समेत 8 लोगों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले में मोंठ सीओ हरिमोहन सिंह का कहना है कि एक ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मारी है। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 लोग घायल हैं। इसमें से 8 घायल मेडिकल कॉलेज रेफर किए गए हैं।

घर में आग लगने से पांच साल के बच्चे की जिंदा जलकर मौत

> गोद में उठाकर तीन महीने के भाई को लेकर बाहर आई बहन, दूसरे को नहीं बचा सकी

बहराइच। जनपद में शुक्रवार दोपहर एक मकान में आग लगने से पांच साल के मासूम की जिंदा जलकर मौत हो गई। घर में आग लगने से चीख-पुकार मच गई। लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जूड़ा के मजरा जगरामपुरवा में हुआ। गांव निवासी लक्ष्मन और उनके बेटे सनोज का आसपास मकान है। शुक्रवार को पिता-पुत्र 500 मीटर दूर स्थित खेत में गेहूं के फसल की कटाई कर रहे थे। जबकि घर पर सनोज की 14 साल की बेटी, पांच साल का बेटा कुलदीप और तीन महीने का बच्चा मौजूद था। दोपहर में 12 बजे सोलर पैनल में स्पार्किंग हुई। इसके बाद चिंगारी से फूस के मकान में आग लग गई। आग लगने पर 14 साल की बेटी ने तीन माह के बच्चे को बचाते हुए खुद बाहर निकल आई, लेकिन 5 साल के भाई को वह बाहर नहीं निकाल सकी। शोर सुनकर परिवार के लोग भी दौड़ पड़े। सभी ने दमकल विभाग को सूचना दी। ग्राम प्रधान विनोद निषाद की सूचना पर दमकल कर्मी आ गए। सभी ने आग बुझाई, लेकिन तब तक आग की चपेट में आकर कुलदीप की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर एसडीएम अश्विनी कुमार, सीओ राहुल पांडेय, तहसीलदार अजय यादव मौके पर पहुंचे। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीएम ने बताया कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

पत्नी के लिए बना चोर, एनकाउंटर में पैर में लगी गोली

झांसी। जनपद में पुलिस एनकाउंटर में एक शातिर चोर पकड़ा गया है। डेढ़ साल में 20 से ज्यादा चोरी कर चुका था। पुलिस को काफी दिन से उसकी तलाश थी। गुरुवार देर रात पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहा था। पुलिस ने दौड़ाकर बाएं पैर में गोली मारी और पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने चोरी की चौंकाने वाली वजह बताई। कहा- पत्नी के शौक पूरे नहीं कर पा रहा था, इसलिए चोर बन गया। वारदात को अंजाम देने के लिए घर से 25 किमी दूर झांसी ट्रेन से आता था। मोबाइल घर पर ही रख कर आता था। ताकि पकड़ा न जाए। झांसी में सरकारी और रेलवे कॉलोनी को टारगेट करता था। जिस घर में ताला लगा होता, पहले उसकी रेकी करता, फिर वारदात को अंजाम देता। सभी चोरी दिन में ही करता था।

बीजेपी के पहले दिन का पहला शो फ्लॉप

बुलंदशहर। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। कहा, बीजेपी के पहले दिन का पहला शो ही फ्लॉप हो गया। पहले चरण की हवा और पश्चिम की हवा पूरे देश में बीजेपी का सफाया करेगी। न इनकी कहानी किसी को पसंद आ रही है और न ही इनके डायलॉग। कहा, जिन आठ सीटों पर चुनाव हो रहा है, उन सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जीत रहे हैं। गाजियाबाद से गाजीपुर तक सभी सीट पर भाजपा की हार होगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार का वादा करके मुकरने वाली सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी है। यह नाराजगी वोट से जाहिर होगी। लोकसभा सीट के प्रत्याशी महेंद्र सिंह नागर के समर्थन में यहां आए अखिलेश यादव ने चुनावी मुद्दे पर भाजपा को घेरा। कार्यकताओं से चुनाव के लिए जोर लगाने को कहा।

जयंत की पत्नी शक्ति रथयात्रा लेकर मेरठ पहुंची

मेरठ। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की पत्नी चारु चौधरी शुक्रवार को शक्ति रथ यात्रा लेकर मेरठ पहुंची। यहां उन्होंने कहा कि यह मान सम्मान का चुनाव है। इस बार मेरे हाथ और मजबूत होंगे तो सरकार में आपकी बात उतनी ही मजबूती से रख सकूंगी। इसलिए जिस तरह से दादा चौधरी चरण सिंह और पिता चौधरी अजित सिंह को जिताकर संसद में भेजते रहे हो। उसी तरह जीत का आशीर्वाद चाहिए। चौधरी जयंत सिंह कि पत्नी चारु ने शुक्रवार को बागपत लोकसभा की सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के गांवों में शक्ति रथ यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि बागपत सामान्य सीट नहीं है। आपकी वजह से इस सीट पर हर किसी की नजर रहती है। इसलिए एक सामान्य और ईमानदार प्रत्याशी के रूप में राजकुमार सांगवान को दिया है।

जिसे आपको संसद में पहुंचाना है। जिससे किसानों, युवाओं की बात ओर मजबूती से रखी जाएगी।

नल चलेगा, तभी कमल खिलेगा : उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से ही हम चार-पांच दशक से आपकी सेवा कर रहे हैं। इस बार भी जीते के लिए आपका आशीर्वाद लेने आए हैं। यहां जब नल चलेगा, तभी कमल खिलेगा। इसलिए 26 अप्रैल में मतदान करने जरूर जाएं और वोट देकर रालोद को जिताने का काम करें। शक्ति रथ यात्रा सिवाल खास से शुरू हुई और वहां से रोहटा पहुंची। शक्ति रथ में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विधायक जितेंद्र सतवाई और विधायक गुलाम मोहम्मद बिन मौजूद रहे।

फॉर्च्यूनर नहीं लाने पर पत्नियों को घर से निकाला

आगरा। ताजगंज क्षेत्र की दो सगी बहनों को ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया है। आरोप है कि ससुराल वाले फॉर्च्यूनर की डिमांड कर रहे हैं। डिमांड पूरी ना करने पर पति मारपीट करते हैं। पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श कल्याण केंद्र में मामला पहुंचा है। काउंसलर डॉ.सतीश खिरवार ने बताया कि 2020 में थाना ताजगंज की रहने वाली दो सगी बहनों की अछनेरा के दो भाइयों ने शादी हुई। शादी के 2 साल बाद ही दोनों भाई अपनी पत्नियों के साथ मारपीट करने लगे। फॉर्च्यूनर की डिमांड करने लगे। 2023 में दोनों भाइयों द्वारा मारपीट अधिक की जाने लगी। परेशान होकर दोनों बहने मायके आ गईं।

दोनों बहनों ने अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श कल्याण केंद्र भेज दिया। दोनों बहनों और उनके पतियों के साथ अलग-अलग कई दौर की काउंसलिंग हो चुकी है। दोनों बहनों का साफ तौर पर कहना है कि वह अपने पतियों के साथ किसी भी कीमत पर साथ जाने को तैयार नहीं हैं। जबकि बड़ी बहन के पास एक बच्चा भी है। दोनों बहनों का आरोप है कि दोनों भाई खेती करते हैं। शादी के समय कोई डिमांड नहीं हुई थी। अब मारपीट करते हैं। पूरा परिवार दबंग किस्म का है। काउंसलर ने बताया कि दोनों पतियों का कहना है कि उनकी पत्नियां घर पर काम नहीं करती हैं। अपने सास-ससुर से भी बहस करी हैं। झगड़ा करती हैं। काउंसलर सतीश खिरवार का कहना है कि दोनों पक्षों में सहमति न बनने के चलते मामले को पुनः पुलिस के पास भेज दिया गया है। अब पुलिस ही इस मामले में कार्रवाई करेगी।